जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 89 | जयपुर, शनिवार 18 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162


# भजनलाल शर्मा का सिलीगुड़ी में ऐतिहासिक रोड शो : भाजपा के प्रचार को पंख लगाए, प्रवासी राजस्थानियों से भी किया संवाद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान में अपने सवा दो साल के उल्लेखनीय विकास कार्यों के बाद भजनलाल शर्मा की पूरे देश में लोकप्रियता जबरदस्त तरीके से तेजी से बढ़ रही है इसकी ताजा झलक शुक्रवार को भी देखने को मिली जब सिलीगुड़ी में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के लिए उन्होंने रोड शो का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई और मुख्यमंत्री शर्मा को देखने के लिए लोगों की बड़ी भीड़ सड़कों पर एकत्रित हो गई सड़क के दोनों और तो भीड़ जमा थी ही इसके अलावा सड़क के दोनों और बहु मंजिल इमारत में भी बड़ी संख्या में लोग भजनलाल शर्मा को देखने के लिए खड़े नजर आए। मुख्यमंत्री शर्मा खुली गाड़ी में हाथ जोड़कर रोड शो में सभी का अभिनंदन कर रहे थे और गाड़ी में उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार और संगठन से जुड़े बड़े नेता उनके साथ खड़े दिखाई दिए पूरे रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा का चेहरा काफी खुश और उत्साहित नजर आ रहा था और वह हंसते हुए लोगों का अभिवादन कर रहे थे रास्ते में कई जगहों पर मुख्यमंत्री शर्मा और भाजपा उम्मीदवार का जोरदार तरीके से लोगों ने स्वागत भी किया रोड शो के दौरान प्रवासी राजस्थानियों ने भी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाई क्योंकि सिलीगुड़ी में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी रहते हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में वहां पर शानदार तरीके से स्थापित हो चुके हैं और प्रवासी राजस्थानियों की कंपनियां फैक्ट्री और संस्थानों में बड़ी संख्या में पश्चिम बंगाल के मजदूर और कर्मचारी भी कार्य करते हैं इसलिए सिलीगुड़ी में प्रवासी राजस्थानियों के बीच मुख्यमंत्री शर्मा पहले से ही काफी लोकप्रिय थे क्योंकि राइजिंग राजस्थान के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने पश्चिम बंगाल में प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया था। संवाद के दौरान उन्होंने राजस्थान में अपने कार्यकाल में सड़क, पानी ,शिक्षा ,उद्योग, कृषि स्किल डेवलपमेंट, रोजगार, बिजली, रेल, सड़क ,वायु यातायात इत्यादि सभी क्षेत्रों में शानदार तरीके से काम करने की जानकारी उन्हें दी थी और प्रवासी राजस्थानियों को भरोसा भी दिलाया था कि राजस्थान में निवेश करने में उन्हें किसी भी तरह की कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी इसके लिए उन्होंने राजस्थान सरकार की ओर से निवेशकों के लिए जो नई सुविधा शुरू की गई थी उनके बारे में भी बताया था। इसके बाद प्रवासी राजस्थानियों ने राजस्थान में इन्वेस्ट करने में काफी रुचि भी दिखाई है इसलिए शुक्रवार को रोड शो में तो प्रवासी राजस्थानियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थित दिखाई इसका अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ अलग से संवाद ही किया था । संवाद के दौरान प्रवासी राजस्थानियों ने मुख्यमंत्री शर्मा को भाजपा को मत और समर्थन का पूरा भरोसा भी दिलाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से संवाद के दौरान कहा कि पूरे देश में वर्तमान में राजस्थान में इन्वेस्ट करने का जो अच्छा माहौल है ऐसा माहौल और किसी स्टेट में देखने को नहीं मिलेगा । उन्होंने प्रवासी राजस्थान में से कहा कि राजस्थान तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है पानी सड़क शिक्षा चिकित्सा बिजली उद्योग स्किल डेवलपमेंट रेल सड़क वायु यातायात इत्यादि में राजस्थान ने जबरदस्त प्रगति की है पिछले सवा दो साल में राजस्थान में हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है और उद्योगों के क्षेत्र में हमारी सरकार ने कई बड़े निर्णय इन्वेस्टर के लिए लिए हैं जिसमें इन्वेस्टर को राजस्थान में अपनी इकाई स्थापित करने में बिल्कुल भी किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसीलिए देश और विदेश के इन्वेस्टर इस समय राजस्थान में इन्वेस्ट करने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान में जो यह बदलाव आया है वह आपको भी दिखाई देगा। जब आप राजस्थान आओगे और अपनी आंखों से देखोगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी में प्रवासी राजस्थानियों से बातचीत के दौरान अपने भाषण में कहा कि प्रवासी राजस्थानी राजस्थान की मिट्टी की सुगंध और संस्कृति को देश और विदेश के कोने-कोने में महका रहे हैं साथ-साथ परोपकारी और सामाजिक सरोकारों के कार्यों में भी हमेशा आगे रहते हैं राजस्थान और देश के विकास में प्रवासी राजस्थानी हमेशा आगे नजर आए उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी कर्मभूमि और अपनी मातृभूमि दोनों के प्रति अपनी निष्ठा निभा रहे हैं और राजस्थान की मान मर्यादा, संस्कृति, विचार सभी से दिल से जुड़े हुए हैं और अपनी बुद्धि मेहनत योग्यता से पूरे देश और दुनिया में खुद का और अपनी माटी राजस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी चाहे गौशाला में दान करने की बात हो या फिर स्कूल अस्पताल इत्यादि में सहयोग करने की बात हो।

हर सामाजिक सरोकारों के कार्यों में सबसे आगे रहते हैं जो यह बताता है कि कर्मभूमि के साथ-साथ अपनी मातृभूमि से मिले संस्कारों को वह कभी नहीं भूले ।

## महिला आरक्षण बिल पर अमित शाह ने कहा -विपक्ष महिलाओं के रास्ते का रोड़ा बन गया



जयपुर टाइम्स


**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल और परिसीमन विधेयक पर चल रही बहस में अपने भाषण में कहा कि महिला आरक्षण पर किसी ने आपत्ति नहीं जताई है लेकिन अगर हम गौर से देखें तो इंडिया गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर मगर का इस्तेमाल करके इसका विरोध किया उन्होंने कहा कि इस चर्चा को अगर बारीकी से कोई सुनेगा तो महिला आरक्षण के लिए जो संविधान संशोधन है उसका किसी ने विरोध नहीं किया है सभी ने कहा है कि यह संविधान संशोधन जो आया है उसका हम स्वागत करते हैं लेकिन इंडिया एलायंस के सभी सदस्यों ने स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है विपक्ष इस कानून के क्रियान्वयन के तरीके का नहीं महिला आरक्षण का विरोध कर रहा है अमित शाह ने कहा कि हमारे संविधान में समय-समय पर परिसीमन का प्रावधान किया गया है परिसीमन से ही एससी और एसटी जिनकी संख्या बढ़ती है उसकी सीट बढ़ाने का भी प्रावधान है एक प्रकार से जो परिसीमन का विरोध कर रहे हैं वह एससी और एसटी सीट की बढ़ोतरी का भी विरोध कर रहे हैं अमित शाह ने कहा कि परिसीमन का विरोध करने वाले वास्तव में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं अमित शाह ने कहा कि कई सारे सदस्यों ने इस बिल को लेकर अनेक प्रकार की आशंकाएं प्रकट की है तो मैं बता दूं कि जो नई शक्ति वंदन अधिनियम आया है उसमें जिक्र है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद जो परिसीमन होगा उसमें महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा अब यह कहते हैं कि यह बिल लाते समय ऐसा जिक्र क्यों किया गया? यह हमने नहीं किया 1971 में इंदिरा गांधी की सरकार थी तब वह इसे फ्रीज करके गई थी वह फ्रिज की गई सीटों की संख्या उठाते हैं तभी नारी शक्ति वंदनअधिनियम का क्रियान्वयन होता है इसलिए हम इसे लेकर आए अमित शाह ने कहा कि देश में ऐसी 127 लोकसभा सीट है जहां निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या 20 लाख से ज्यादा है कुछ जगहों पर तो 45 लाख मतदाताओं का एक प्रतिनिधि है और कुछ स्थानों पर 6 लाख मतदाताओं का एक प्रतिनिधि है इसके कारण प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक वोट का मूल्य सामान नहीं है अमित शाह ने विपक्ष को कहा कि मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि अगर वह परिसीमन के लिए हमारा सपोर्ट करते हैं तो हर निर्वाचन क्षेत्र में हर वोट का मूल्य एक समान होगा

## राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन चुने गए हरिवंश नारायण सिंह, राज्यवर्धन राठौड़ ने दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** हरिवंश नारायण सिंह शुक्रवार को निर्विरोध राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन चुने गए। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने माननीय हरिवंश सिंह से मुलाकात कर डिप्टी चेयरमैन चुने जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार, एक लेखक और अब संसद के संरक्षक के रूप में उनका सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। राठौड़ ने कहा कि हरिवंश नारायण सिंह का यह निर्विरोध चयन संसद में उनकी स्वीकार्यता और संतुलित नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। उनके अनुभव और संयमित दृष्टिकोण से राज्यसभा की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। उनके इस नए दायित्व से संसदीय कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूती मिलेगी।



# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
18 अप्रैल, 2026


## सरिस्का टाइगर रिजर्व में सर्वाधिक पैदल गश्त हेतु वनरक्षक कोमल सैनी सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सरिस्का टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण को मजबूत बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वनरक्षक कोमल सैनी को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने मार्च 2026 में सर्वाधिक 157 किलोमीटर पैदल गश्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पैदल गश्त को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरिस्का प्रशासन द्वारा एम-स्ट्राइप्स पेट्रोलिंग एप के आधार पर प्रत्येक माह सर्वाधिक पैदल गश्त करने वाले वनकर्मी को वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक स्तर से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत मार्च माह में रेंज अलवर बफर में कार्यरत वनरक्षक कोमल सैनी ने 157 किमी पैदल गश्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा ने उन्हें अन्य वनकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत बना दिया है। उत्कृष्ट कार्य के लिए कोमल सैनी को वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के सम्मान से वनकर्मियों में कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा तथा सरिस्का में वन्यजीव सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ होगी।

## महिला कांस्टेबल कविता व मकोल द्वारा अचीवर्स स्कूल केशव नगर मे जगाई सुरक्षा की अलख:

### बेटियों को सिखाए आत्मरक्षा, आत्म विश्वास, सजगता व निडरता के गुर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अचीवर्स अकादमी केशव नगर में राजस्थान पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में कालिका 4 पर तैनात महिला कांस्टेबल कविता 1310 और मकोल 1863 द्वारा महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए। राज कोप सिटीजन ऐप की जानकारी दी गई। इस ऐप के माध्यम से आप यदि कहीं किसी मुसीबत में फंस जाए या अकेले यात्रा करते समय आप किसी जगह सुरक्षित न हो ,तो आप इस ऐप की मदद ले सकते है। काउंसलर रेखा महलावत ने बताया कि विषम परिस्थितियों में घबराने की जगह हिम्मत से काम ले। अपने फोन में ये ऐप रखे और हेल्प लाइन नंबर्स हमेशा सेव रखे। कविता और मकोल ने विद्यार्थियों को कुछ आत्म रक्षा के लिए जरूरी ट्रिक भी बताई, जिससे सबसे पहले हम खुद अपना बचाव करना सीख सकें। अचीवर्स अकादमी के डायरेक्टर अमित भार्गव ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और सही विकास के लिए इस तरीके के सेशंस समय समय पर अकादमी में आयोजित कराए जाते हैं। इस सेशन के दौरान अकादमी स्टाफ दिलीप दुबे, सुनीता, कमल गुप्ता, शुभम, अभिषेक और विकास भी उपस्थित रहे।

## भिवाड़ी इंडेन गैस एजेंसी को नोटिस, जांच में मिली अनियमितताएं

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** जिले में भिवाड़ी स्थित इंडेन गैस एजेंसी के विरुद्ध प्राप्त उपभोक्ता शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी द्वारा प्रवर्तन निरीक्षकों की एक टीम गठित की गई। टीम ने 15 अप्रैल 2026 को एजेंसी का निरीक्षण कर शिकायतों की जांच की, जिसमें उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान टीम ने एजेंसी पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की उपलब्धता नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में सामने आया कि एजेंसी के गोदाम में सभी एलपीजी सिलेंडर खाली पड़े थे और एक भी भरा हुआ सिलेंडर उपलब्ध नहीं था, जो सामान्य स्थिति के विपरीत पाया गया। इसके अलावा स्टॉक रजिस्टर और ऑनलाइन रिकॉर्ड में भी अनियमितताएं सामने आईं। एजेंसी द्वारा संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए और निरीक्षण के दौरान आवश्यक सहयोग भी नहीं दिया गया, जो नियमों अनुसार दायित्व का उल्लंघन है। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए जिला रसद अधिकारी ने संबंधित गैस एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## श्रमिको को हीटवेव एवं लू-तापघात से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक तापमान रहने की संभावना को मद्देनजर रखते हुए संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को हीटवेव एवं लू-तापघात से बचाव हेतु निर्देश जारी किए गए है। सहायक श्रम आयुक्त पंकज शर्मा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी एवं हीटवेव के समय कार्यस्थल पर श्रमिकों हेतु की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं यथा श्रमिकों हेतु छाया, ठण्डे पीने का पानी की व्यवस्था एवं प्राथमिक चिकित्सा किट का प्रबंध किया जाना सुनिश्चित करें। हीटवेव से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं जागरूकता समय-समय पर प्रसारित कराए जाए। श्रमिकों को माह मई, जून/हीटवेव के दौरान दोपहर 2 बजे से 3 बजे के मध्य लू-तापघात से बचाव हेतु विश्राम प्रदान करने, तापमान से बचाव के लिए ठण्डे व तरल पेय का उपयोग करने, गीला कपडा उपयोग करने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक संस्थानों के नियोजक श्रमिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराये।

## मधुमक्खियों के हमले में तीन लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सारंगसर गांव के निजी विद्यालय में मधुमक्खियों के हमले में एक छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सुजानगढ़ के बगड़िया अस्पताल लाया गया। जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने इमरजेंसी में भर्ती कराया तथा गंभीर स्थिति में छात्रा परी जाट, नितेश, हिम्मत सिंह का उपचार किया गया। नितेश ने बताया कि स्कूल के समय बाहर की ओर से आए मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला बोल दिया, जिसमें तीन घायल हो गए।

## जिला कलक्टर ने किया राजगढ-रैणी क्षेत्र का दौरा

# ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सीएचसी में उपचार की समुचित व्यवस्थाएं पुख्ता रखने एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

### जल संरक्षण हेतु ग्रामीणों को किया प्रोत्साहित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजगढ़ एवं रैणी क्षेत्र के दौरे पर रहकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रैणी, माचाडी में बावडी तथा ढिगावडा व कोठारी बास में राजकीय विद्यालयों सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने ढिगावडा में खराब बोरिंग का सदुपयोग करते हुए बनाए गए रिचार्ज सॉफ्ट का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि इसे चालू कराने के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु इस प्रकार के रिचार्ज सॉफ्ट अन्य स्थानों पर भी बनवाए। उन्होंने ढिगावडा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में एमपी लैड से विकसित बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग ट्रेक का निरीक्षण कर मार्किंग कार्य कराने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने श्मशान घाट में लगाए जा रहे टीनशेड कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां पौधारोपण कराने के साथ-साथ साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने माचाडी में पीलीया कुण्ड बावडी के कराए गए जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया तथा इसके पश्चात वहीं ब्राह्मण मौहल्ले में जन सहयोग से कराए गए प्राचीन बावडी के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित आमजन से संवाद कर कहा कि सबकी सहभागिता से जल संरक्षण के कार्य किए जाएं ताकि भूमिगत जल स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक बावडियों के संरक्षण से विरासत को बचाने के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने माचाडी में नरेगा के माध्यम से कराए गए नर्सरी, उद्यान विकास कार्य व पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि इन कार्यों को और अधिक सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कोठारी का बास में बंद स्कूल का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि किसी सरकारी विभाग के पास भवन नहीं होने पर इसका सदुपयोग करते हुए विभाग का कार्य संचालन करावे। साथ ही यहां लाइब्रेरी विकसित करने के साथ पौधारोपण करावे।

जिला कलक्टर ने सीएचसी रैणी में ओपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, दवा वितरण केंद्र, पर्ची काउंटर आदि का निरीक्षण कर सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पडे, इसके लिए सभी व्यवस्था पुख्ता रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि मरीजों को एक ही छत के नीचे बेहरत चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सके इसके लिए बीपीएचयू को यथाशीघ्र संचालित करावे। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत लू एवं तापघात से प्रभावित मरीजों के लिए उपचार की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्मी के मौसम में सीएचसी पर मरीजों के लिए शीतल पेयजल, छाया, बैठक, पंखे, कुलर आदि व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि एक्सप्रेस-वे सहित अन्य राजमार्गों पर दुर्घटना की स्थिति में मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर सीएचसी की सुविधाओं एवं उपचार के संबंध में फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों ने सीएचसी की सभी सुविधाओं को बेहतर बताया।

इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी रैणी हरकेश मीना, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, तहसीलदार कैलाश मेहरा, नरेगा के अधिशासी अभियन्ता नरेन्द्र लाखीवाल, वाटरशेड के अधिशासी अभियन्ता प्रहलाद मीना, विकास अधिकारी राधेश्याम मीना, बीसीएमओ डॉ. रामस्वरूप मीना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत बिलाहेडी में रात्रि चौपाल, जिला कलेक्टर ने सुनी स्थानीय समस्याएं

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** पंचायत समिति कोटकासिम की ग्राम पंचायत बिलाहेडी में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल के दौरान नाम में शुद्धिकरण, बिजली, पानी, रास्ता सहित विभिन्न विषयों से जुड़े कुल 24 परिवाद प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को प्रकरणों के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक लंबित न रखा जाए और शीघ्र ही समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही परिवादियों से व्यक्तिगत संपर्क बनाकर निस्तारण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने और औसत निपटान समय में सुधार लाने के निर्देश भी दिए।


चौपाल के दौरान ग्राम नरवास में पानी की समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांव की वास्तविक स्थिति पता कर पानी की समस्या का निदान करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ जल सुचारू रूप से उपलब्ध हो सके। ग्रामीण ने अपने नाम में त्रुटि सुधार के लिए रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया। जिला कलेक्टर ने मामले को समझते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और मौके पर ही कार्रवाई कर महिला के नाम में शुद्धिकरण कराया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं वृद्धजन पेंशन योजना, आपकी बेटी योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लाडो योजना, जल जीवन मिशन, पीएम सूर्यघर योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी देते हुए आमजन को आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही कृषि विभाग की योजनाओं जैसे तारबंदी योजना, फार्म पॉन्ड, प्याज भंडारण एवं अन्य योजनाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी रेखा यादव, उप अधीक्षक किशनगढ़बास लालचंद, तहसीलदार, जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन तथा विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिरडी सांई बाबा मंदिर का 26वां स्थापना दिवस भक्ति व सेवा कार्यों के साथ सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** तिजारा रोड स्थित श्री शिरडी सांई बाबा मंदिर में 26वां स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। दो दिवसीय यह आयोजन 16 से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम दिन 16 अप्रैल को प्रातः 10:15 बजे रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। सायंकाल 7 बजे 108 दीपकों की महाआरती आयोजित की गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। दूसरे दिन 17 अप्रैल को प्रातः 10 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, वहीं निःशुल्क चिकित्सा शिविर में करीब 62 मरीजों का उपचार किया गया। मंदिर समिति ने बताया कि धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक सेवा गतिविधियों को बढ़ावा देना मंदिर की परंपरा रही है। आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और श्रद्धा का संदेश प्रसारित किया गया।

## शहर के विमंदित और जरूरतमंद बच्चों को बांटे उपहार और शिक्षण सामग्री



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** माधव सेवा सदन अंबेडकर नगर में माधव संस्कार केन्द्रों के विद्याथियों तथा नेक कमाई की ओर से चल रहा आदर्श विमंदित और मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों को जयपुर की फिडिंग हैंडस के पदाधिकारियों ने उपहार और शिक्षण सामग्री वितरित की। यह सामग्री फ्री मैसंस लॉज एकसवियर जयपुर की तरफ से बांटी गई। इस अवसर पर जयपुर से आए समाजसेवी पंकज जैन और अमरदीप सोनी टिममी ने यह सामग्री वितरित की। इस अवसर पर माधव सेवा केन्द्र के संरक्षक दौलत राम हजरती, अध्यक्ष ओम प्रकाश बड़ाया, मंत्री विमल जैन, कोर्डिनेटर रतीराम गुप्ता तथा समाजसेवी दौलत राम हजरती ने अलवर में चल रहे समाजसेवी कार्यों की जानकारी दी। समाजसेवी पंकज जैन ने कहा कि अलवर की संस्थाएं जरूरतमंदों के लिए बेहतर कार्य कर रही हैं। आदर्श विमंदित विद्यालय में मूक व बधिर तथा विमंदित बच्चों को कठिन परिस्थितियों में पढ़ाया जा रहा है। इसी प्रकार कच्ची बस्तियों में चल रहे माधव संस्कार केन्द्र सेवा के उदाहरण है जहां के बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार आ रहे हैं। अतिथियों का स्वागत आदर्श विमंदित स्कूल संचालिका पायल प्रधान तथा माधव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने किया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 27 वाहन जब्त

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 27 वाहनों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका रघुवंशी के मार्गदर्शन में यातायात शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक संजय शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों–अंबेडकर सर्किल, होप सर्कस, घंटाघर, नगर निगम, कंट्रोल रूम, भगत सिंह सर्किल एवं डीओ कट–पर अभियान चलाया गया।

### पटाखा बाइकों पर कार्रवाई

अभियान के दौरान ध्वनि प्रदूषण फैलाने एवं उत्पात मचाने के उद्देश्य से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलाई जा रही 10 'पटाखा बाइकों' को जब्त किया गया। इन वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर शिकंजा

इसके अतिरिक्त, नो पार्किंग जोन एवं आम सड़कों पर खड़े वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए कुल 17 वाहन जब्त किए गए। इनमें 4 चारपहिया वाहन क्रेन की सहायता से हटाए गए, जबकि 3 ई-रिक्शा और 10 दुपहिया वाहन शामिल हैं। यातायात पुलिस द्वारा ऑर्गेनाइजेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव ऑफ इंडिया (OMSRI) की अलवर इकाई के वार्षिक कार्यक्रम में लगभग 125 मेडिकल प्रतिनिधियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 'नेक राहवीर योजना' एवं 'प्रधानमंत्री एक्सीडेंटल राहत योजना' की जानकारी भी दी गई।

### नियमों के पालन की अपील

पुलिस ने आमजन से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी न बैठाने, लाल बत्ती का उल्लंघन न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की है। यातायात पुलिस ने कहा कि सुरक्षित और सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है।

## राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 के तहत इच्छुक व्यक्ति ऋण हेतु कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा राज्य में नये सूक्ष्म व्यापारिक उद्यम स्थापित करने के उद्देश्य से राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू की गई है जो 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। योजनान्तर्गत नवीन ऋण आवेदन पत्रा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ कर दिए गए हैं। इच्छुक आवेदक एसएसओ पोर्टल अथवा ई-मित्रा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान ने बताया कि योजनान्तर्गत विशेष रूप से थोक और खुदरा क्षेत्र से जुडे सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय परिलाभ देकर नये निवेश और रोजगार सृजन को बढावा देने हेतु यह योजना संचालित की गई है। इस योजना के तहत 2 करोड रूपये तक के ऋण पर ब्याज अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 करोड रूपये तक के ऋण पर 6' एवं 1 से 2 करोड तक के ऋण पर 4' ब्याज अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक देय होगा। कम्पोजिट ऋण में कार्यशील पूंजी की सीमा 80' तक रखी गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत व्यापारियों को अन्य सुविधाएं मिलेगी, जिनमें 5 करोड रूपये तक के ऋण पर 5 साल तक सीजीटीएमएसई गारंटी फीस का 50' पुनर्भरण किया जाएगा। वहीं सूक्ष्म खुदरा व्यापारियों को व्यवसाय के इंश्योरेंस प्रीमियम पर 50' तक (अधिकतम 1 लाख रूपये प्रतिवर्ष) की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ई-कॉमर्स को बढावा देने के लिए प्लेटफार्म फीस का 75' (अधिकतम 50 हजार रूपये एक वर्ष तक) पुनर्भरण का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ व्यक्तिगत/संस्थागत को मिलेगा। संस्थागत आवेदकों को 1 करोड से अधिक एवं 2 करोड रूपये तक के ऋण पर 1' अतिरिक्त ब्याज अनुदान हेतु 51 प्रतिशत अथवा अधिक स्वामित्व वाले सभी सदस्यों का महिला, एसटी, एससी, दिप्यांगजन श्रेणी में से होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों ने विगत 5 वर्षों में भारत सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी भी योजना में किसी भी प्रकार के ब्याज अनुदान या समान प्रकार के परिलाभ का लाभ लिया गया हो तो वे योजनान्तर्गत पात्र नहीं होंगे। ऋण की सुविधा राष्ट्रीयकृत और निजी अनुसूचित बैंकों, स्मॉल फाइनेंस बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों एवं सहकारी बैंकों के माध्यम से उपलब्ध होगी।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पैकेट में मैगजीन और पिस्तौल लावारिस हालत में मिली, पाकिस्तान की ओर से ड्रोन से गिराए जाने की आशंका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से अवैध मादक पदार्थ और अवैध हथियार ड्रोन से गिराए जाने के मामले लगातार देखने को मिल रहे हैं पिछले कई महीनो से भारत-पाकिस्तान सीमा पर अलग-अलग इलाकों में पुलिस ने कई महीनो से भारत-पाकिस्तान सीमा पर अलग-अलग इलाकों में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने कई बार अफीम चरस इत्यादि मादक पदार्थ बरामद किए कई जगहों पर इन अवैध मादक पदार्थों के साथ क्षतिग्रस्त ड्रोन भी पड़े मिले जिसके आधार पर बीएसएफ और पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में आजकल पाकिस्तान में बैठे तस्कर ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और वह इन ड्रोन के माध्यम से भारत की सीमा में अवैध मादक पदार्थ गिरा देते हैं जिन्हें उनके लोग जो यहां रहते हैं वे ले जाते हैं कई बार हथियार भी पड़े हुए मिले हैं इसलिए पाकिस्तान में बैठे लोग ड्रोन का ज्यादा उपयोग करके अपने गैर कानूनी धंधों को अंजाम दे रहे हैं इसी तरह का ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखने को मिला जब श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में सेमजा कोठी थाना इलाके में बीएसएफ और पुलिस के जवानों ने एक पैकेट मिला जिसमें मैगजीन और पिस्तौल रखी हुई थी पुलिस और विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है फिलहाल यह माना जा रहा है कि यह अवैध हथियार ड्रोन के माध्यम से ही यहां सीमा में पाकिस्तान की ओर से फेके गए हैं इसलिए स्थानीय पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि कहीं ना कहीं पाकिस्तान में बैठे तस्करों के यहां लोकल कॉन्ट्रैक्ट हैं इसलिए स्थानीय पुलिस गुपचुप में इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु मदार - पटना -मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मदार - पटना-मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा (12 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09601, मदार-पटना साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.4.26 से 9.7.26 तक (12 ट्रिप) मदार से प्रत्येक गुरूवार को 06.40 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 8.40 बजे आगमन व 8.50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.15 बजे पटना पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09602, पटना-मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 24.4.26 से 10.7.26 तक (12 ट्रिप) पटना से प्रत्येक शुक्रवार को 10.15 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर 11.00 बजे आगमन व 11.10 बजे प्रस्थान कर 13.20 बजे मदार पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, वाया मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, दिलदार नगर, बक्सर, रघुनाथपुर, आरां व दानापुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनोमी, 7 शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पेंट्रीकार, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

## समदड़ी-मोदरान रेलखंड पर ट्रैक गति क्षमता में बढ़ोतरी,100 कि.मी प्रति घंटा से बढ़कर 110 कि.मी प्रति घंटा की गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने रेल संचालन को तीव्र एवं सुगम बनाने के प्रयासों के तहत जोधपुर मंडल के समदड़ी - भीलड़ी रेलखंड के समदड़ी से मोदरान स्टेशन तक (कि.मी 0.00 से 93.690 तक) महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले समदड़ी - भीलड़ी रेल खंड के समदड़ी से मोदरान स्टेशन तक (किमी 0.00 से 93.690 तक) सेक्शनल स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रति घंटा अनुमोदित की गई है। इस रेलखंड में गति क्षमता में बढ़ोतरी सिग्नलिंग प्रणाली के अपग्रेडेशन, विद्युतीकरण, ट्रैक उन्नयन, तकनीकी सुधारों तथा आवश्यक संरचनात्मक कार्यों के होने के फलस्वरूप की गई है। आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित किए जाने से ट्रेन परिचालन अधिक संरक्षित और विश्वसनीय हुआ है। इसके साथ ही इस खंड पर कई गति प्रतिबंधों को भी हटाया गया है। सेक्शन की गति बढ़ने से ट्रेनों के यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी जिससे यात्रियों को तीव्र और सुगम सफर का लाभ मिलेगा। वहीं, संरक्षा मानकों को और मजबूती मिलेगी। साथ ही इस रेल खंड पर लाइनों की क्षमता में वृद्धि के बाद आगामी समय में अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा। इस कार्य से क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह उपलब्धि उत्तर पश्चिम रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु काकिनाडा टाउन-हिसार-काकिनाडा टाउन साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु काकिनाडा टाउन-हिसार-काकिनाडा टाउन साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा (1 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 07717, काकिनाडा टाउन-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.4.26 को (1 ट्रिप) काकिनाडा टाउन से मंगलवार को 5.40 बजे रवाना होकर गुरुवार को 13.40 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07718, हिसार-काकिनाडा टाउन साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 24.4.26 को (1 ट्रिप) हिसार से शुक्रवार को 14.10 बजे रवाना होकर रविवार को 21.35 बजे काकिनाडा टाउन पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सामलकोट, राजमुंदरी, ताडेपल्लिगुडेम, एलूरू, विजयवाडा, गूंटूर, मिर्यालगूडा, नल्लगोंडा, चर्लापल्ली, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बासर, धर्माबाद, मुदखेड, नान्देड, पूर्णा, बसमत, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, धरणगांव, अमलनेर, नंदूरबार, उधना, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौडगढ, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, सीकर, नवलगढ, झुंझुनूं, चिडावा, लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 फर्स्ट मय सैकण्ड एसी, 3 सैकण्ड एसी, 5 थर्ड एसी, 8 शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 24 डिब्बे होंगे।

## चाइनीज डोर से बच्चे की गर्दन कटने से हुई मौत, बाइक पर पिता के साथ सवार था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बीकानेर में देशनोक पुलिया पर अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे बच्चे की चाइनीज डोर से गर्दन कट गई जिससे उसकी मौत हो गई इस हादसे के बाद मृतक बालक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है लेकिन यहां पर बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि चाइनीज मांझा पर पूरी तरह से प्रतिबंध है लेकिन इसके बावजूद भी जिला प्रशासन और पुलिस की आंख में धूल झोंक कर जिस तरह से बीकानेर में चाइनीस मांझा की डोर से बालक की गर्दन काटी और फिर उसकी मौत हुई यह अपने आप में यह दिखा रहा है कि बीकानेर में कहीं ना कहीं पुलिस और प्रशासन के इस मामले में लापरवाही है इसलिए भविष्य में इस तरह की घटना फिर से नहीं हो इसके लिए पूरे शहर में छोटे-बड़े सभी बाजारों में पुलिस और प्रशासन को छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर जो भी लोग यह जानलेवा डोर बेच रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा फिर इस तरह का दर्दनाक हादसा दोबारा भी हो सकता है चाइनीस मांझा से गर्दन कटने और इंसान पशु पक्षियों के जान जाने के मामले पहले भी राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई इलाकों में कई सालों से लगातार देखने को मिले हैं हालांकि राजधानी जयपुर में मकर संक्रांति के आसपास ही पतंग बाजी का दौरा ज्यादा चलता है इसलिए मकर संक्रांति के आसपास ही राजधानी जयपुर में चाइनीस मांझा की बिकवाली चोरी छुपे कारोबारी करते हैं लेकिन अब जिला प्रशासन और पुलिस की कड़ी निगरानी की वजह से पहले की तरह चाइनीस मांझा खुले में तो नहीं बिकता लेकिन फिर भी जयपुर में भी यह जानलेवा डोर मकर संक्रांति के आसपास चोरी छुपे दुकानदारों की ओर से बेची जाती है

# 150 वें नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया देवनानी ने

जयपुर

**(कासं.)**राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अशोका फाउण्डेशन द्वारा यहां नृसिंह मंदिर में आयोजित 150वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। स्पीकर देवनानी ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद एवं निर्धन वर्ग के लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा मिलती है, जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सा सेवा आध्यात्मिक साधना है।



देवनानी ने नृसिंह मंदिर में दर्शन और पूजा कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि समाज में सच्चा और स्थायी परिवर्तन सरकारी नीतियों या योजनाओं से अकेले नहीं आता है बल्कि यह ऐसे निस्वार्थ सेवा-भाव, समर्पण और हर व्यक्ति के भीतर अपने कर्तव्य व मानवता के प्रति जागरूकता का संचार करने के सामूहिक प्रयासों से आता है। जब समाज जागरूक होकर, आगे बढ़कर सेवा का कार्य करता है, तब ही राष्ट्र सशक्त, समृद्ध और संस्कारवान बनता है। देवनानी ने कहा है कि यह 150वाँ शिविर केवल एक उपलब्धि का उत्सव नहीं है, बल्कि सेवा यात्रा का महत्वपूर्ण पडाव है। यह हमें प्रेरित करता है कि सेवा का यह पावन दीपक कभी बुझने न पाए। इसे और अधिक प्रज्ज्वलित करना है साथ ही अधिक से अधिक लोगों की मदद करनी है। उन्होंने कहा कि यदि हम गहराई से देखें तो यह नेत्र चिकित्सा सेवा केवल सामाजिक कार्य नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना है। जब किसी की आंखों में प्रकाश लौटता है, तो वह व्यक्ति केवल बाहरी दुनिया को नहीं देखता वह अपने भीतर के अस्तित्व को, अपने जीवन के सार्थक आयामों को और ईश्वर की अनंत कृपा को भी नए सिरे से अनुभव करता है। सेवा और साधना यहां एकाकार हो जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए देवनानी ने उनके प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ का भीलड़ी-समदड़ी-लूणी-जोधपुर रेलखंड का निरीक्षण दौरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने जोधपुर मंडल के भीलड़ी-समदड़ी-लूणी-जोधपुर रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों एवं सेक्शनों पर चल रहे विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके साथ जीएम ने भीलड़ी से जोधपुर तक विंडोट्रेलिंग निरीक्षण कर संरक्षा,सुरक्षा मापदंडों का निरीक्षण किया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने ओढ़वा स्टेशन का दौरा कर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस अवसर पर रेल सुविधाओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।धनेरा स्टेशन पर महाप्रबंधक ने नवनिर्मित अधिकारी विश्राम गृह का उद्घाटन किया तथा स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, प्रतीक्षालय एवं निर्माणाधीन स्टेशन भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत किया गया तथा रेल सेवाओं से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ परिसर में पौधारोपण भी किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित मारवाड़ भीनमाल स्टेशन का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। स्टेशन परिसर में संरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संरक्षा संवाद आयोजित किया गया जिसमें रेलकर्मियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षित एवं बेहतर रेल संचालन के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान रेलकर्मियों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक आश्वासन भी दिया गया। साथ ही नवनिर्मित अधिकारी विश्राम गृह का उद्घाटन भी किया गया।इसके पश्चात महाप्रबंधक ने भीनमाल-लेदरमेर सेक्शन में निर्माणाधीन ब्रिज संख्या 72 का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मोदरान स्टेशन पर नव निर्मित स्टेशन भवन का अवलोकन करते हुए महाप्रबंधक ने विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्थानीय संगठनों एवं ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तथा रेल मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। जालौर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन अधीक्षक कक्ष, प्रतीक्षालय एवं फुट ओवर ब्रिज का गहन निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बालवाड़ा-मोकलसर सेक्शन में स्थित गेट संख्या सी-24 का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने गेटमैन सुखराम की कार्यप्रणाली की सराहना की एवं उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इसके साथ ही गैंग नंबर 5 के कार्यों का निरीक्षण कर कर्मचारियों से संवाद किया तथा उन्हें 20 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इसके बाद समदड़ी स्टेशन पर भी महाप्रबंधक ने निरीक्षण कर स्टेशन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मदन देवड़ा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर जोगेंद्र सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक सीमा शर्मा, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक अतुल सक्सेना, प्रमुख मुख्य दूरसंचार इंजीनियर अनुराग गोयल, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. के. कृष्ण कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी संतराम मीणा, मुख्य कार्मिक अधिकारी विनोद कुमार, मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झोटवाड़ा में सीवरेज टैंक में सफाई करने उतरे दो मजदूर की दम घुटने से मौत, ठेकेदार फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और निर्देशों की अवहेलना करना राजधानी जयपुर में दो श्रमिकों की जान चले जाने का बड़ा कारण बन गया शुक्रवार को झोटवाड़ा में 200 फीट रोड पर सीवरेज टैंक की सफाई करने उतरे दो श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई इस दर्दनाक हादसे के बाद ठेकेदार देवेंद्र सैनी मौके से फरार हो गया है सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं फिलहाल इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनकर हर कोई हैरान और परेशान है क्योंकि इस तरह के हाथ से राजधानी जयपुर हर कोई हैरान और परेशान है क्योंकि इस तरह की दर्दनाक घटना राजधानी जयपुर में पहले भी कई बार हो चुकी है पहले भी इसी तरह से श्रमिकों की जान दम घुटने से गई है इसलिए इस तरह की घटनाओं को देखते हुए राजस्थान सरकार ने भी साफ हिदायत दे रखी है कि सीवरेज टैंक में कर्मचारियों को बिल्कुल भी नहीं उतारा जाए इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट नेभी इसी तरह की सख्त कड़ी पाबंदी लगाई हुई है लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से यहां पर श्रमिकों को बिना समुचित संसाधन और यंत्र के सीवरेज टैंक में सफाई के लिए उतार दिया गया जिसकी वजह से टैंक में जहरीली गैस बनने से दोनों श्रमिक टैंक में ही बेहोश हो गए जिन्हें तुरंत अस्पताल भी पहुंचाया गया लेकिन दोनों की मौत हो गई जानकारी के अनुसार सीवरेज टैंक में बेहोश पड़े दोनों श्रमिकों को बाहर निकलने में करधनी थाने में पोस्टेड कांस्टेबल बाबूलाल की बहुत बड़ी भूमिका रही बाबूलाल ने अपनी जानकी परवाह किए बिना सीवरेज टैंक में सीडी के सहारे उतरा और फिर दोनों बेहोश पड़े मजदूरों को उसने बाहर निकला इसलिए इस दर्दनाक हादसे में बाबूलाल ने मानवता और पुलिस की ड्यूटी के प्रति अपनी जो वफादारी दिखाई है उसकी हर कोई तारीफ कर रहा है हालांकि दोनों श्रमिक मौत की नींद सो गए हैं लेकिन सूचना मिलने के बाद कांस्टेबल बाबूलाल अन्य पुलिस कर्मियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने बिना कोई देरी किए बिना अपनी जान की परवाह किए सीवरेज टैंक में सीडी के सहारे उतरकर दोनों मजदूरों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल भी पहुंचा लेकिन दोनों श्रमिकों की मौत हो गई ।

## परिसीमन मुद्दे पर मुख्यमंत्री की चुप्पी प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़, तुरंत बुलाई जाए सर्वदलीय बैठक: जूली

### मुख्यमंत्री जनहित के गंभीर मुद्दों को छोड़कर सिर्फ इवेंट करवाने और फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने देश में चल रहे परिसीमन के मुद्दे पर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री के रवैये पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। जूली ने कहा कि परिसीमन एक अत्यंत संवेदनशील विषय है जिसका सीधा असर राजस्थान की राजनीतिक भविष्य, लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या पर पड़ेगा। जूली ने कहा कि परिसीमन कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं बल्कि प्रदेश के लोकतांत्रिक भविष्य को तय करने वाला विषय है जिस पर मुख्यमंत्री की चुप्पी उनकी अनुभवहीनता को दर्शाती है। टीकाराम जूली ने कहा कि वर्तमान में पूरे देश में परिसीमन के मुद्दे पर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। दक्षिण भारत के राज्यों के मुख्यमंत्री अपनी चिंताओं को लेकर मुखर हैं क्योंकि इसका सीधा असर लोकसभा और विधानसभा की सीटों की संख्या पर पड़ेगा। राजस्थान जैसे राज्य में सीटों का पुनर्गठन भौगोलिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व को पूरी तरह बदल देगा। ऐसे संवेदनशील समय में राजस्थान सरकार का कोई रुख स्पष्ट न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो भाजपा सरकार समय पर प्रदेश में निकाय और पंचायत चुनाव तक संपन्न नहीं करवा पा रही है उससे



इतने बड़े संवैधानिक बदलाव को संभालने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करना इस सरकार की प्राथमिकता बन गई है। जब सरकार निकाय और पंचायत चुनाव ही नहीं करा पा रही तो वह परिसीमन जैसे जटिल विषय पर प्रदेश का पक्ष केंद्र के सामने मजबूती से कैसे रखेगी? जूली ने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या मुख्यमंत्री को इस गंभीर मुद्दे पर प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों के विचार नहीं जानने चाहिए? उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री अविलंब एक सर्वदलीय बैठक बुलाएं ताकि परिसीमन के तकनीकी और राजनीतिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हो सके। राजस्थान के हक और यहां की जनता के प्रतिनिधित्व के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तीखा हमला करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री जनहित के गंभीर मुद्दों को छोड़कर सिर्फ इवेंट करवाने और फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गए हैं। शासन चलाने के लिए विजन की जरूरत होती है जो वर्तमान सरकार में कहीं दिखाई नहीं देता।

## राधा मोहन दास अग्रवाल 20 अप्रैल को जयपुर आएंगे :

## 21 को मोदी की सभा में होंगे शामिल, 22 को दौसा में भाजपा की बैठक लेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल आगामी 20 अप्रैल को जयपुर दौरे पर रहेंगे अग्रवाल 21 अप्रैल को पचपदरा में रिफाइनरी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पचपदरा में रैली में शामिल होने के बाद अगले दिन 22 अप्रैल को अग्रवाल दोसा में दौसा जिला भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ बैठक करेंगे इस बैठक में पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने संबंधी विषयों के अलावा महिला आरक्षण बिल और अन्य तमाम पार्टी से जुड़ी गतिविधियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ सामूहिक विचार विमर्श करेंगे और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी देंगे उल्लेखनीय है कि अग्रवाल कुछ दिन पहले ही जयपुर आए थे जहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी के साथ सामूहिक बैठक आयोजित की थी बैठक में अग्रवाल ने पार्टी के संगठन से जुड़े सभी नेताओं को पार्टी के संगठन को मजबूत करने और सत्ता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल बनाने के प्रयासों में उन्होंने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा था जिस पर पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने कहा था कि



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित होने वाले मंत्री दरबार को फिर से शुरू करवाया जाए ताकि प्रदेश भर के पार्टी के कार्यकर्ताओं की शिकायतों का समाधान हो सके इसके बाद अग्रवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया था कि प्रदेश भाजपा कार्यालय में फिर से मंत्री दरबार का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े नेता भी हो जाना प्रदेश बरसे आने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की शिकायत को सुनकर उनका समाधान का प्रयास करेंगे ऐसे पिछले कुछ दिनों से अग्रवाल प्रदेश की राजनीति में फिर से सक्रिय हुए हैं और लगातार पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ संवाद कर रहे हैं 22 अप्रैल को दोसा जिला भाजपा संगठन से जुड़े नेताओं के साथ मैराथन बैठक आयोजित करके पार्टी के नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे ।

## सांगानेर में लिफ्ट के बहाने बुजुर्ग को लूटने वाले हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर(कासं.)** जयपुर के सांगानेर थाना इलाके में पिछले दिनों लिफ्ट के बहाने एक बुजुर्ग व्यक्ति को लूटने के आरोप में पुलिस ने हिस्ट्री सीटर कुलदीप सिंह और उसके साथी नरेंद्र सिंह को अरेस्ट किया है अरेस्ट करने के बाद पुलिस ने इन दोनों बदमाशों का बाकायदा सांगानेर के बाजारों में जुलूस निकाला द्य पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप सिंह और नरेंद्र सिंह ने पिछले दिनों लिफ्ट के बहाने एक बुजुर्ग



व्यक्ति को अपनी गाड़ी में बिठाया और फिर सुनसान इलाके में उसके साथ मारपीट करके उससे पैसे और अन्य कीमती सामान लूट लिए बाद में पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग के बयानों के आधार पर फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीमों का गठन किया पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा के आधार पर भी बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया इसके अलावा बदमाश किन रास्तों से बुजुर्ग को लेकर गए थे इसकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के रिकार्ड खंगाल कंगाल कर बदमाशों को चिन्हित किया और आखिरकार दोनों बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया ।

## जयपुर के पूर्व महाराजा मानसिंह का पुनर्जन्म ! 10 साल का बच्चा खुद को बता रहा मानसिंह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में टोंक जिले का रहने वाला 10 साल का बच्चा चर्चा का विषय बना हुआ है यह बच्चा खुद को जयपुर का पूर्व महाराजा मानसिंह बता रहा है बहुत से यूट्यूब पर और न्यूज़ चैनल के संवाददाता मौके पर जाकर बच्चों से बातचीत भी कर रहे हैं हालांकि यह बच्चा बातचीत में पूर्व महाराजा मानसिंह से जुड़ी दो या तीन बातों का ही जिक्र करता है कोई




पत्रकार गहराई से विशेष सवाल पूछे तो यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि मुझे इतनी जानकारी है इसलिए टोंक जिले के जकोबाबाद गांव का रहने वाला यह 10 साल का बच्चा कानाराम बेरवा जो खुद को मानसिंह बता रहा है भले ही सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा हो और चर्चा में हो लेकिन कानाराम की बॉडी लैंग्वेज और पत्रकारों के सवालों के जवाब में उसका जो हाव-भाव और जो जवाब होते हैं उन्हें सुनकर और देखकर ऐसा जरूर आभास होता है कि कान्हा राम को कहीं किसी ने पट्टी तो नहीं पढ़ा दी फिर भी सभी प्रमुख न्यूज़ चैनल पर युटुब कानाराम से बातचीत करने के लिए जरूर उसके घर जा रहे हैं सोशल मीडिया पर यूट्यूब पर से बातचीत के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में कानाराम ने आमेर की शिला माताकी , हल्दीघाटी का युद्ध, खुद की दो रानियां और खुद के तीन भाई और शिला देवी की मूर्ति का चेहरा थोड़ा तिरछा होना यह बातें ही कानाराम अपने पुनर्जन्म में महाराजा मानसिंह के रूप में बताता है लेकिन इन सभी जानकारी में भी कहीं ना कहीं उसके सवाल आधे अधूरे से सुनने को मिले उससे कहीं-कहीं ऐसा भी प्रतीत होता है कि कानाराम को कोई मिस गाइड कर रहा है बात कुछ भी हो फिलहाल यह बच्चा सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## सम्पादकीय

### परिसीमन संवेदनशील मुद्दा, दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका भी दूर करना जरूरी




इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा। हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ विरोध को तेज करते हुए इससे संबंधित विधेयक की प्रति जला कर और काला झंडा दिखा कर पूरे राज्य में आंदोलन की शुरुआत कर दी। इससे पहले स्टालिन ने यहां तक कहा था कि तमिलनाडु की चिंता को दूर किए बिना अगर परिसीमन को आगे बढ़ाया गया, तो राज्य में एक समय चले हिंदी विरोधी आंदोलनों जैसी स्थिति बन सकती है। निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। मगर हैरानी की बात यह है कि क्या केंद्र सरकार को इसका आभास नहीं था कि लोकसभा में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के क्रम में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच जिस तरह का असंतुलन पैदा होने वाला है, उससे कई स्तर पर असंतोष उभर सकता है! दरअसल, सरकार परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़ कर पेश करने का प्रयास कर रही है, ताकि इसे लेकर उठने वाली आपत्तियों को कमजोर किया जा सके। मगर विपक्षी दलों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग राज्यों में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी संसद के समीकरण में वैसे राज्यों को मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा, जहां भारतीय जनता पार्टी ताकतवर है। इसके अलावा, सीटों के फिर से बंटवारे के क्रम में जो नया समीकरण बनेगा, उसमें दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व और अधिकारों में काफी कमी आने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कई राज्यों की नुमाइंदगी में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी। शायद यही वजह है कि तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि स्टालिन ने परिसीमन संशोधन को दक्षिणी राज्यों के खिलाफ और देश की प्रगति में योगदान देने की सजा तक कहा है। सवाल है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को सभी राज्यों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई। एक पक्ष यह है कि परिसीमन का मुख्य आधार चूंकि जनगणना होता है

## कहानी

### दोस्ती का हक़

मैं स्कूल से छुट्टी लेकर अपने मामा की शादी में गाँव गया था। एक हफ़्ता स्कूल से ग़ायब रहने के बाद स्कूल आया तो मुझे क्लास में कुछ कमी सी महसूस हुई। दर-अस्ल मेरे सामने बैठने वाला शहज़ाद अपनी सीट पर मौजूद नहीं था। दरमयानी छुट्टी में मैंने अपने दोस्त कैलाश से पूछा, 'आज शहज़ाद स्कूल नहीं आया? ' कैलाश ने कहा, 'वो गुज़िश्ता पाँच दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है और शायद अब आएगा भी नहीं। '

'क्यों? क्या बात हुई? '

'फ़ुटबॉल की प्रैक्टिस के वक़्त उसका रमेश से झगड़ा हो गया था। अपने दोस्तों के साथ मिल कर उसने शहज़ाद को बहुत मारा। उसका बस्ता फेंक दिया और कपड़े भी फाड़ दिए। उसके पिता जी आए थे। हेड-मास्टर साहब से शिकायत की। उन्होंने शहज़ाद के पिता जी को समझा-बुझा कर वापस कर दिया और रमेश के ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए शहज़ाद के पिता जी ने उसे घर में बिठा लिया। अब भी वो अपने पिता जी के साथ सब्ज़ी के ठेले पर सब्ज़ियाँ बेचने जाता है। '

मैंने कहा, 'अरे ये तो बहुत बुरा हुआ ग़रीब लड़के को इस तरह मारना नहीं चाहिए था। हेड-मास्टर साहब को उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई करनी चाहिए थी।

कैलाश ने कहा, 'रमेश के ख़िलाफ़ कोई कुछ नहीं कर सकता। उसके दादा जी स्कूल के सदर हैं। उनकी नौकरी ख़तरे में पड़ जाएगी। '

'लेकिन एक ग़रीब और ज़हीन बच्चे की ज़िंदगी बर्बाद हो रही है इसका ज़िम्मेदार कौन है? '

'तुमको तो मा'लूम है रमेश कैसा ख़तरनाक लड़का है कोई उससे दुश्मनी लेने की हिम्मत नहीं करता। '

मैंने कहा, 'मैं हिम्मत करूँगा, एक ज़हीन लड़के की ता'लीम का सिलसिला ख़त्म न होने पाए उसके लिए मैं रमेश से टकराऊँगा। '

'तुम क्या करोगे? '

'मैं उसके दादा जी से उसकी शिकायत करूँगा, वो अपने दादा जी से बहुत डरता है और उसके दादा जी बहुत नेक आदमी हैं। '

कैलाश ने कहा, 'अच्छे से सोच लो! रमेश से दुश्मनी मोल लेना तुम्हारे लिए बहुत ख़तरनाक साबित हो सकता है। '

'मैं हर ख़तरे से निमटूँगा ताकि एक बच्चा ता'लीम हासिल कर सके, कुछ बन सके। '

स्कूल से छुट्टी होने के बाद मैं घर आया और शहज़ाद की अच्छाईयाँ, ज़हानत और खेल-कूद में उसकी उम्दा कारकर्दगी को बयान करते हुए रमेश की बुरी हरकतों की बाबत एक तफ़सीली ख़त लिखा और शाम के वक़्त रमेश के घर पहुँच गया। मुझे मालूम था कि इस वक़्त उसके दादा जी घर में ही रहते हैं और यही वक़्त होता है जब रमेश फ़ुटबॉल की प्रैक्टिस कर के घर आता है।

मैं उनके घर में दाख़लि हुआ तो उसके दादा जी सामने बैठक के कमरे में बैठे हुए कोई अख़बार देख रहे थे। मैं प्रणाम कर के उनके सामने जा कर खड़ा हो गया। वो हैरत से मेरी तरफ़ देखने लगे।

मैंने कहा, 'मेरा नाम शरद है मैं स्कूल में रमेश के साथ पढ़ता हूँ। '

इतना कह कर मैंने वो तफ़सीली ख़त दादा जी के हाथ में दे दिया। जैसे-जैसे वो ख़त पढ़ते जा रहे थे उनके चेहरे का रंग तबदील होता जा रहा था। जैसे ही उन्होंने ख़त पढ़ कर ख़त्म किया बस उसी वक़्त रमेश घर में दाख़लि हुआ। मुझे अपने घर में देख कर वो बहुत हैरान हुआ। दादा जी के हाथ में चिट्ठी मौजूद थी और ग़ुस्से से उनका हाथ थर-थर काँप रहा था। रमेश मुआमले को समझ नहीं पाया। दादा जी को नमस्ते कह कर वो एक तरफ़ खड़ा हो गया। दादा जी अपनी जगह पर खड़े हो गए रमेश के क़रीब गए और एक ज़ोरदार तमांचा उसके गाल पर मारा और कहा, 'अपनी ताक़त और दौलत का ग़लत इस्तेमाल कर रहे हो तुम। शहज़ाद को तुमने क्यों मारा? '

'दादा जी वो मुझसे मुँह ज़ोरी कर रहा था। '

## बिहार की राजनीति में भाजपा का प्रयोग

*बिहार में सामाजिक न्याय की राजनीति का नेतृत्व लालू यादव और बाद में नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने किया। भाजपा के सामने हमेशा यह चुनौती रही कि वह इस सामाजिक आधार में अपनी जगह कैसे बनाए। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना उसी रणनीति का विस्तार है-एक संकेत कि भाजपा अब केवल 'ऊपर से' नहीं, 'नीचे से' भी राजनीति करना चाहती है। यह उल्लेखनीय है कि सम्राट भाजपा में आने के पहले अन्य दलों में भी रहे हैं। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की नहीं। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो नेतृत्व को केवल लोकप्रियता के आधार पर नहीं, बल्कि संगठनात्मक संतुलन के आधार पर तय करती है।*

*सम्राट चौधरी पार्टी में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर काम कर चुके हैं। उनका चयन यह भी दिखाता है कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश देना चाहती है कि संगठन में काम करने वालों को अवसर मिल सकता है। यह आंतरिक अनुशासन और निष्ठा बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है, लेकिन मामला इतना सीधा भी नहीं है। बिहार में सत्ता गठबंधन की राजनीति के तहत चलती रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री का चयन केवल पार्टी का निर्णय नहीं, बल्कि सहयोगी दलों के साथ संतुलन का भी प्रश्न होता है। सम्राट चौधरी का चेहरा इस संतुलन को कैसे साधेगा? यह भी देखना होगा कि बिहार की राजनीति में गठबंधन जितनी जल्दी बनते हैं, उतनी ही जल्दी*



बिहार की राजनीति सीधी रेखा में चलने वाली नहीं है। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना केवल एक व्यक्ति का सत्ता में आना नहीं, बल्कि कई स्तरों पर चल रही राजनीतिक गणनाओं का परिणाम है। इसे समझने के लिए केवल घटना को नहीं, उसके पीछे के समीकरणों को भी देखना होगा। बिहार में समीकरण कभी साधारण नहीं होते। सबसे पहले बात आती है जातीय संरचना की, जो बिहार की राजनीति की रीढ़ है। भाजपा लंबे समय से बिहार में अपने आधार को केवल ऊंची जातियों तक सीमित नहीं रखना चाहती थी।

पिछड़ी जातियों, विशेषकर कुर्मी, कोइरी और अन्य ओबीसी समूहों में अपनी पकड़ मजबूत करना उसकी रणनीति का हिस्सा रहा है। इस संदर्भ में सम्राट चौधरी का चयन एक सोचा-समझा कदम है। वे खुद एक प्रभावशाली पिछड़े वर्ग से आते हैं और उनके माध्यम से भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह सामाजिक प्रतिनिधित्व के मामले में पीछे नहीं है। यह निर्णय एक तरह से उस राजनीतिक रिक्तता को भरने की कोशिश भी है, जो लंबे समय से क्षेत्रीय दलों के पास रही है।

बिहार में सामाजिक न्याय की राजनीति का नेतृत्व लालू यादव और बाद में नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने किया। भाजपा के सामने हमेशा यह चुनौती रही कि वह इस सामाजिक आधार में अपनी जगह कैसे बनाए। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना उसी रणनीति का विस्तार है-एक संकेत कि भाजपा अब केवल 'ऊपर से' नहीं, 'नीचे से' भी राजनीति करना चाहती है। यह उल्लेखनीय है कि सम्राट भाजपा में आने के पहले अन्य दलों में भी रहे हैं। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की नहीं। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो नेतृत्व को केवल लोकप्रियता के आधार पर नहीं, बल्कि संगठनात्मक संतुलन के आधार पर तय करती है।

सम्राट चौधरी पार्टी में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर काम कर चुके हैं। उनका चयन यह भी दिखाता है कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश देना चाहती है कि संगठन में काम करने वालों को अवसर मिल सकता है। यह आंतरिक अनुशासन और निष्ठा बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है, लेकिन मामला इतना सीधा भी नहीं है। बिहार में सत्ता गठबंधन की राजनीति के तहत चलती रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री का चयन केवल पार्टी का निर्णय नहीं, बल्कि सहयोगी दलों के साथ संतुलन का भी प्रश्न होता है। सम्राट चौधरी का चेहरा इस संतुलन को कैसे साधेगा? यह भी देखना होगा कि बिहार की राजनीति में गठबंधन जितनी जल्दी बनते हैं, उतनी ही जल्दी टूटते भी हैं।

भाजपा को यह समझ आ गया है कि केवल राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर बिहार में स्थायी बढ़त बनाना मुश्किल है। यहां स्थानीय नेतृत्व और जातीय समीकरण, दोनों निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सम्राट चौधरी का उभार आने वाले चुनावों को ध्यान में रखकर भी देखा जा सकता है। यह एक तरह से भविष्य के नेतृत्व का संकेत है, जिससे मतदाताओं को एक स्पष्ट चेहरा दिखाया जा सके। हालांकि इसके साथ जोखिम भी जुड़े हैं। बिहार में नेतृत्व को स्वीकार करना केवल जाति या पार्टी के आधार पर नहीं होता, बल्कि वहां एक प्रकार की राजनीतिक विश्वसनीयता भी जरूरी होती है। सम्राट चौधरी को यह साबित करना होगा कि वे केवल एक समीकरण का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सक्षम प्रशासक भी हैं। प्रशासनिक अनुभव, निर्णय लेने की क्षमता और संकट प्रबंधन-ये सब ऐसे क्षेत्र हैं, जहां उनकी परीक्षा होगी।

विपक्ष सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाए जाने को भाजपा का एक राजनीतिक प्रयोग कहकर सवाल उठा सकता है, लेकिन इसी के साथ उन्हें अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने की जरूरत भी महसूस होगी। इससे बिहार की राजनीति में प्रतिस्पर्धा और तेज हो सकती है, जो लोकतांत्रिक दृष्टि से सकारात्मक ही होगा। इसके अलावा इसमें राष्ट्रीय राजनीति का एक व्यापक परिप्रेक्ष्य भी है। भाजपा विभिन्न राज्यों में अपने नेतृत्व को इस तरह गढ़ रही है, ताकि वह क्षेत्रीय पहचान और राष्ट्रीय एजेंडे के बीच संतुलन बना सके।

सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना इसी रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जहां पार्टी स्थानीय चेहरों के माध्यम से अपनी जड़ों को मजबूत करना चाहती है, बिना अपने केंद्रीय नेतृत्व की छवि को कमजोर किए। आर्थिक और प्रशासनिक दृष्टि से भी यह बदलाव महत्वपूर्ण है। बिहार लंबे समय से विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे की चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन मुद्दों पर ठोस काम करने की रहने वाली है। केवल राजनीतिक समीकरणों से सरकार बन सकती है, लेकिन उसे चलाने के लिए प्रशासनिक दक्षता जरूरी होती है। अगर यह संतुलन नहीं बना तो सबसे मजबूत सामाजिक समीकरण भी ज्यादा दिन टिक नहीं पाते।

## नारी शक्ति का वंदन

*मोदी सरकार ने 2023 में सभी दलों को महिला आरक्षण के लिए राजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (106वां संवैधानिक संशोधन) पारित कर लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया। इसमें एससी-एसटी वर्गों की महिलाओं के लिए भी एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। निःसंदेह पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं, पर नीति निर्माण की शीर्ष प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका लगभग नगण्य है। वर्तमान में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 15 प्रतिशत से भी कम है। इस अधिनियम से लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 850 हो जाएंगी। इसी तरह विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ेंगी। इससे नीति-निर्माण के स्तर पर महिलाओं की आवाज सशक्त होगी। राजनीतिक प्रक्रिया में नारियों के आगमन से संवेदनशीलता, धैर्य तथा करुणा*

भारतीय संसद तीन दिवसीय विशेष सत्र में एक ऐसे युगांतकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है, क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं, बल्कि समाज के बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाली एक ऐतिहासिक पहल है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि भावी लोकसभा एवं विधानसभाओं में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तीकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। मोदी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तीकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है, जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना ने बेटियों के प्रति सोच बदला। उनका आत्मविश्वास और अवसर, दोनों बढ़े। मुद्रा योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया। पीएम आवास योजना से घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला। सुकन्या समृद्धि योजना से बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ। पीएम उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली और जीवन स्तर सुधरा। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई। पीएम मातृ वंदना योजना से गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला। तीन तलाक रोधी कानून से मुस्लिम महिलाओं को अन्याय से मुक्ति मिली। उनका आत्मसम्मान बढ़ा और उनके अधिकार



मजबूत हुए। नल से घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन सुगम हुआ तो लखपति दीदी योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं। ये सब महिला सशक्तीकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। नीति-निर्धारण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए हैं, वह केवल आश्वासन नहीं है। उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें। यह संसद में महिलाओं की संख्या बढ़ाने मात्र का प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परंपरा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता, शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताएं रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिंतन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया। आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार राजमहिषी ने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए, वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की। वर्तमान भारत के निर्माण में भी महिलाओं का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डा. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से लेकर 'मिसाइल वुमन' टेसी थामस के वैज्ञानिक पराक्रम तक हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है।

## विरोध के खोखले तर्क

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के लोकसभा में पेश होते ही विपक्षी दलों की ओर से असहमति के स्वर उभर आए, लेकिन ये स्वर विरोध के लिए विरोध वाली राजनीति को ही अधिक रेखांकित कर रहे हैं। 2023 में जब यह विधेयक पारित हुआ था, तब विपक्षी दलों की मांग थी कि आखिर महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से क्यों नहीं लागू किया जाता, लेकिन अब जब मोदी सरकार इस अगले आम चुनाव में लागू करने की पहल कर रही है तो भी उन्हें आपत्ति है। अब वे यह कह रहे हैं कि महिला आरक्षण से संबंधित परिसीमन को 2011 के बजाय नई जनगणना के आधार पर



किया जाए। इसका मतलब है कि वे 2029 के बजाय 2034 में महिला आरक्षण लागू करने के पक्ष में हैं, क्योंकि जो जनगणना शुरू हुई है, उसके नतीजे आते-आते तो अगले आम चुनाव करीब आ जाएंगे। कुछ विपक्षी दल इस आधार पर महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं कि इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण होना चाहिए। आखिर ऐसी किसी मांग पर 2023 में क्यों नहीं जोर दिया गया था? ध्यान रहे तब महिला आरक्षण विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ था। विपक्षी दल यह प्रचारित करने की भी कोशिश में हैं कि महिला आरक्षण के तहत सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के फार्मूले से कुछ राज्यों और विशेष रूप से दक्षिण के राज्यों को राजनीतिक रूप से नुकसान होगा, लेकिन आखिर कैसे? यदि इस फार्मूले से बिहार में 20 सीटें बढ़ेंगी तो इतनी ही सीटें तमिलनाडु में भी बढ़ेंगी। इसी तरह गुजरात, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में 13-13 सीटें बढ़ेंगी। तथ्य यह भी है कि कम जनसंख्या वाले दक्षिण के राज्यों में एक सांसद कहीं कम आबादी का प्रतिनिधित्व करेगा और इस तरह वह अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेगा। आखिर ऐसे में यह कहने का क्या मतलब महिला आरक्षण से दक्षिण घाटे में और उत्तर भारत लाभ में रहेगा? विपक्ष का एक खोखला तर्क यह भी है कि महिला आरक्षण के मौजूदा स्वरूप से भाजपा फायदे में रहेगी, पर इसका भी कोई ठोस आधार नहीं दिखता। आखिर ऐसा तो है नहीं कि सभी बढ़ी हुई सीटों पर भाजपा की जीत आसान हो जाएगी या फिर उसे बहुमत के लिए अभी की तरह 272 सीटें ही चाहिए होंगी।

प्रादेशिक जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
18 अप्रैल, 2026

## बस स्टॉप पर लगी कुर्सियां पर बैठने को लेकर यात्री परेशानी, जिम्मेदार कर रहे हैं अनदेखी

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** चाकसू कस्बे में यात्रियों की सुविधाओं के लिए कहीं जगह बैठने व छाया का इंतजाम है और कई जगह बैठने व छात्रा पेयजल का इंतजाम नहीं है यात्रियों को बैठने के लिए बस स्टैंड बनाकर उनमें कुर्सियां लगाकर सुविधा दी गई। लेकिन एक बार कुर्सियां लगाने के बाद संभालने व देखभाल करने वाले जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी कर रहे हैं अनदेखी, वही चाकसू नगर पालिका कार्यालय के सामने बस स्टॉप पर लगी कुर्सियां की हालत बहुत खराब हो गई है। ऐसे में यहां यात्रियों को बैठाने में काफी परेशान का सामना करना पड़ता है बड़ी बात यह है कि नगरपालिका कार्यालय के सामने ही बस स्टॉप की हालत ऐसी है जिससे यहां स्कूली बच्चे, उपजिला अस्पताल में आने वाले मरीज, नगरपालिका क्षेत्र में करने वाले कर्मचारी भी इसी बस स्टाप से बैठने अपने गंतव्य तक सफर करते हैं ऐसे में बड़े बुजुर्गों को बैठने में काफी परेशान में सामना करना पड़ता है लेकिन जिम्मेदार लोग इस परेशानी को देखकर भी कर रहे हैं अनसुनी। वहीं चाकसू में दूसरी और बड़ी समस्या कोटखावदा मोड अम्बेडकर सर्किल पर कहीं घंटे यात्री इस तपती गर्मी में खड़े रहते हैं लेकिन कोई स्थाई व अच्छी बैठने की व्यवस्था अभी तक नहीं है वहीं कोटखावदा मोड पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं कोटखावदा मोड से जयपुर, टोंक, दौसा, कोटखावदा, फागी, लालसोट, सहित सैकड़ों ढाणियों व कहीं जगह पर आने जाने वाले यात्री इस कोटखावदा मोड़ पर इस गर्मी में खड़े-खड़े कई घंटे इंतजार करना पड़ता है यह समस्या कहीं सालों से चली आ रही है लेकिन अभी भी प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है, यात्री सहित क्षेत्रवासियों ने इस बड़ी समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## पीएम मोदी की जनसभा को लेकर तैयारियां तेजः प्रभारी मंत्री कुमावत ने पीले चावल बांटकर दिया न्यौता



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/बालोतरा।(निस)** पचपदरा में प्रस्तावित तेल रिफाइनरी के उद्घाटन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 अप्रैल को होने वाले दौरे को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में जिला प्रभारी मंत्री व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को बालोतरा में आमजन के बीच पहुंचकर पारंपरिक रूप से पीले चावल वितरित कर जनसभा में शामिल होने का न्यौता दिया। प्रभारी मंत्री कुमावत ने विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि पचपदरा रिफाइनरी परियोजना से क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस दौरान उन्होंने पंचायत समिति सभागार में बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की। बैठक में विधायक डॉ. अरुण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष भरत मोदी, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीशचंद्र जसोल, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयराम प्रजापत सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कुमावत ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर उन्हें जनसभा में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा बालोतरा सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा, जिससे औद्योगिक विकास के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं का भी विस्तार होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और संगठन दोनों स्तरों पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। लगातार जनसंपर्क और आमंत्रण कार्यक्रमों के जरिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खेत में करंट का कहरः ट्रांसफार्मर से दौड़ी बिजली, युवक की मौत; तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** यूपी-राजस्थान सीमा पर स्थित गांव अनिरुद्ध का पूरा में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शिवकुमार पुत्र हुकम सिंह निवासी अनिरुद्ध का पूरा (तहसील वाह, आगरा) अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा रखने के दौरान तारबंदी कर रहा था। खेत राजस्थान सीमा क्षेत्र में आता है। इसी दौरान तार पास ही जमीन पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर से टच हो गया, जिससे 11 हजार केवी लाइन का करंट अचानक तार में दौड़ गया और शिवकुमार उसकी चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना शाम करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। विद्युत विभाग पर लापरवाही के आरोप ग्रामीणों ने हादसे के लिए विद्युत विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर लंबे समय से जमीन पर रखा हुआ था, जिससे पहले भी हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके विभाग ने इसे खंभों पर स्थापित करने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया हादसे में शिवकुमार की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी तीन बेटियां हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। गांव में मातम पसरा हुआ है। पहले भी हो चुके हैं हादसे ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। उन्होंने मांग की है कि विद्युत विभाग जल्द से जल्द जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित तरीके से खंभों पर स्थापित करे, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए पहले नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी। फिलहाल घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर 'अनसंग हीरोज' को सलाम : 1584 शवों का अंतिम संस्कार

### नवजात की जान बचाई, बच्चों के लिए बनाया सुरक्षित माहौल

### डीजीपी राजीव शर्मा बोले:समाज और पुलिस की साझेदारी से ही बनेगा सुरक्षित राजस्थान

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस पर इस बार उन 'अनसंग हीरोज' को मंच पर सम्मानित किया गया, जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा कर पुलिस का मजबूत सहयोग किया। डीजीपी राजीव शर्मा ने सिरोही के प्रकाश प्रजापति, झालावाड़ के सुजीत कश्यप (राम कश्यप) और उदयपुर की सिंधु बिनुजीत को राज्य स्तरीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान डीजीपी शर्मा ने कहा कि सच्ची सेवा वर्दी की मोहताज नहीं होती। यदि व्यक्ति का इरादा नेक हो, तो वह समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ मिलकर सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण तैयार करना भी इसकी जिम्मेदारी है।

**27 साल से 'संकटमोचक' बने प्रकाश प्रजापतिः**
सिरोही निवासी प्रकाश प्रजापति पिछले 27 वर्षों से मानवता की मिसाल बने हुए हैं। उन्होंने अब तक 1584 लावारिस और दुर्घटना में मृत लोगों के शवों को निःशुल्क उनके गंतव्य तक पहुँचाकर विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया है। कोरोना महामारी के दौरान, जब लोग अपने परिजनों के पास जाने से भी डर रहे थे, तब उन्होंने 360 कोरोना संक्रमित मृतकों का अंतिम संस्कार कर मानवता का फर्ज निभाया। इतना ही नहीं, उन्होंने स्वयं देहदान की घोषणा कर 19 अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

**राम कश्यपः हर संकट में 'देवदूत':**
झालावाड़ के सुजीत कश्यप उर्फ राम कश्यप ने कई मौकों पर अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की है। दिसंबर 2025 की कड़ाके की ठंड में झाड़ियों में मिले एक नवजात को उन्होंने बचाकर अस्पताल पहुँचाया और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे कानूनी सुरक्षा दिलाई। सड़क दुर्घटनाओं, मेलों में हुए हादसों और गंभीर मरीजों को कोटा रेफर कराने तक वे लगातार मदद करते रहे हैं। वर्ष 2022 की बाढ़ के दौरान उन्होंने 15 से 20 परिवारों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया। उदयपुर की सिंधु बिनुजीत ने बाल सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके प्रयासों से 'बाल मित्र थाना' और 'सुरक्षित विद्यालय' जैसे नवाचार शुरू हुए, जो उदयपुर रेंज में मिसाल बन चुके हैं। उन्होंने 'वत्सल वार्ता' के जरिए बच्चों और पुलिस के बीच के डर को खत्म कर भरोसे का माहौल बनाया। यूनिसेफ के सहयोग से उन्होंने बीटी कॉटन क्षेत्रों में बाल श्रम और पलायन रोकने में भी अहम भूमिका निभाई, जिसकी सराहना मुख्यमंत्री स्तर तक हुई।

**समाज-पुलिस साझेदारी से मजबूत होगी सुरक्षा व्यवस्था**
डीजीपी शर्मा ने कहा कि ऐसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं और इनका सम्मान अन्य लोगों को भी सेवा के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस और आमजन की साझेदारी ही एक सुरक्षित, संवेदनशील और अपराधमुक्त राजस्थान की नींव है।

## विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने आलीसर में विधायक कोष से निर्मित 20 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** चौमूं विधानसभा क्षेत्र के गाँव आलीसर में विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने भवन का निरीक्षण कर इसकी उपयोगिता व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। विधायक डॉ. मील बराला ने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इससे ग्रामीणों को अपने कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और सामाजिक एकता को भी मजबूती मिलेगी। विधायक डॉ .मील बराला ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र के समग्र व सतत विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक मील बराला का अभिनंदन कर इस जनहितकारी कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच प्रभु नारायण यादव, पश्चिमी ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, नगर अध्यक्ष सायरमल सैनी, मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मीणा, शंकर कुमावत, विष्णु जांगिड, मामराज मीणा, रघुनाथ मीणा, प्रकाश यादव, नरेन्द्र दायमा, सुरेश योगी, बंशी यादव, कैलाश यादव, कमल जैन सहित मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जयपुर कबड्डी लीग का समापन, विजेताओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** चौमू उपखंड स्तर पर आयोजित जयपुर कबड्डी लीग का सफल समापन किया गया पंच गौरव योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का अंतिम दिन खेल स्टेडियम वीर हनुमान मार्ग चौंमू में विभिन्न आयु वर्ग की पुरुष एवं महिला फाइनल प्रतियोगिताओं के साथ समापन किया गया। जिसमें क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंच गौरव योजना के तहत 'एक जिला एक खेल' पहल से कबड्डी जैसी पारंपरिक खेल को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करना है। राठौड़ ने ब्लॉक स्तर पर कार्यरत सभी शारीरिक शिक्षकों के योगदान की सराहना की और विजेता खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त दिलीप शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपानिधि त्रिवेदी, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा शिक्षा अधिकारी डॉ. मुकेश बैरवा और ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान ने प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की महिला वर्ग में 15 वर्ष की आयु वर्ग में गुड़लिया विजेता और सिंगोद कला उप विजेता रही। 19 वर्ष वर्ग में खेजरोली में जीत हासिल की। गोविंदगढ़ उपविजेता रहा , 25 वर्ष वर्ग में मोरिजा विजेता रहा चौंमू उप विजेता घोषित किए गए महिला ओपन वर्ग का खिताब टांकरडा ने जीता।

## चाकसू में 'नारी शक्ति वंदन': पंचायत से पार्लियामेंट तक भागीदारी का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** महिला सशक्तिकरण और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के संकल्प के साथ शुक्रवार को भाजपा जयपुर देहात दक्षिण की ओर से चाकसू में शक्ति प्रदर्शन किया गया। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी के बाद जब सैकड़ों महिलाएं सड़कों पर उतरीं, तो पूरा चाकसू 'नारी शक्ति जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत समिति सभागार में आयोजित संगोष्ठी से हुई। यहां वक्ताओं ने केंद्र सरकार की ओर से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताया। संगोष्ठी के बाद पंचायत समिति परिसर से फागी मोड़ तक एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। हाथ में स्लोगन और 'नारी पंचायत से पार्लियामेंट तक' के नारे लिए महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वक्ताओं ने कहा कि नीति निर्धारण में अब महिलाओं की भूमिका बढ़ेगी। जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। इससे न केवल संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी, बल्कि लोकतंत्र भी अधिक समावेशी और मजबूत होगा। मुख्य अतिथि व पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं के सम्मान को प्राथमिकता दी है। वर्तमान सरकार की नीतियों ने साबित कर दिया है कि नारी शक्ति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। विशिष्ट अतिथि व कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा ने कहा कि उज्ज्वला, जन धन, हर घर जल और लाड़ो जैसी योजनाओं ने महिलाओं को सामाजिक-आर्थिक मजबूती दी है, अब यह अधिनियम उन्हें सत्ता की चाबी सौंपेगा।

## स्थाई लोक अदालत धौलपुर सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय सेवानिवृत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** स्थाई लोक अदालत के सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय अपना 5 वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करके सेवानिवृत हुए है। श्री उपाध्याय अपनी स्वच्छ छवि, कर्तव्य निष्ठता, ईमानदारी व सौहार्दपूर्ण रूप से सामंजस्य बैठाने के लिये जाने जाते हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिवस में भी उन्होंने बेंच के साथ सामंजस्य बैठाते हुए 2 निर्णय किया जो उनके कर्तव्य निष्ठा को दर्शित करते हैं। उपाध्याय ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में बेंच के साथ तालमेल बैठे हुए व अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बहुत अच्छे निर्णय दिए। उनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। इस अवसर पर बेंच के सदस्य साथी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## विकसित राजस्थानः वार्ड शिविरों में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** शहर के विकास की तस्वीर अब बंद कमरों में नहीं, बल्कि आमजन की राय से तय होगी। मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2026-27 के तहत चल रहे 'विकसित शहरी अभियान' को लेकर सुमेरपुर नगर पालिका ने जमीनी स्तर पर बड़ी पहल शुरू कर दी है। वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे शिविरों में जनता सीधे अपनी समस्याएं और सुझाव रख रही है, और इन्हीं के आधार पर शहर का भविष्य तय करने की तैयारी चल रही है। शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में आयोजित वार्ड संख्या 24 से 29 के शिविर में ऐसा माहौल बना, मानो विकास की खुली चौपाल सज गई हो। आमजन, जनप्रतिनिधि और अधिकारी आमने-सामने बैठे–किसी ने पानी की समस्या उठाई, तो किसी ने सफाई, सड़क और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सुझाव दिए। हर मुद्दे को गंभीरता से सुनते हुए पालिका प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि अब विकास योजनाएं जनता की प्राथमिकताओं के अनुसार ही तैयार होंगी। आयोजित शिविर को लेकर अधिशासी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने स्पष्ट कहा कि 'विकसित राजस्थान-2047' केवल एक योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। इसमें हर वार्ड की जरूरतों के हिसाब से योजनाएं बनाई जाएंगी। वर्ष 2030 तक की तात्कालिक जरूरतों, 2035 तक के मध्यम विकास और 2047 तक के दीर्घकालीन विजन को लेकर ठोस रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

**पालिका की तैयारी, हर वार्ड तक पहुंचेगी टीमः**
पालिका प्रशासन ने अगले ही दिन 18 अप्रैल को वार्ड संख्या 30 से 35 के लिए शिविर आयोजित करने की घोषणा कर दी है। इसके लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो हर वार्ड में पहुंचकर नागरिकों से सुझाव लेगी और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करेगी।

**जनप्रतिनिधि और अधिकारी एक मंच परः**
शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रिय मौजूदगी ने इसे और प्रभावी बना दिया। भाजपा नेता अनोपसिंह राठौड़, पूर्व उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, पूर्व पार्षद पूनमसिंह परमार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वहीं प्रशासनिक टीम–सहायक अभियंता लोकेश पाटीदार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ओमप्रकाश देवासी, राजस्व निरीक्षक मंजू पुरोहित, स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार सहित कर्मचारियों ने मौके पर ही समस्याओं के समाधान की दिशा में काम शुरू कर दिया। शिविर में उमड़ी भीड़ और सक्रिय भागीदारी यह संकेत दे रही है कि जनता अब विकास में अपनी सीधी भूमिका चाहती है–और पालिका प्रशासन भी उसी दिशा में कदम बढ़ा रहा है। पालिका ने आमजन से अपील की है कि वे इन शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें, क्योंकि अब शहर का विकास जनता की भागीदारी से ही तय होगा। सुमेरपुर में शुरू हुई यह पहल साफ बता रही है कि अगर प्रशासन और जनता साथ आ जाएं, तो 'विकसित राजस्थान-2047' का सपना सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हकीकत में बदलकर सामने आएगा।

# मेरा घर-मेरा सोलर के संकल्प पर लगा बैंकिंग नियमों का 'ब्रेक'

### स्वामित्व की शर्त हटाने की मांग को लेकर पूर्व पार्षद वर्मा ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** प्रधानमंत्री की महत्त्वाकांक्षी योजना 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' को लेकर बुधवार को शहर के जयपुर रोड स्थित उपखण्ड कार्यालय पर पूर्व पार्षद व सोलर प्रेरक राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह से भेटकर उपखंड क्षेत्र में सोलर लोन की प्रक्रिया में 1 अप्रैल 2026 से लागू हुए 'भूमि स्वामित्व' की अनिवार्य शर्त को हटाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**योजना की रफ्तार पर लगी 'तकनीकी लगाम':**
ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने बताया कि पीएम सूर्य योजना की शुरुआत से अब तक बिजली बिल, पैन कार्ड और आधार जैसे बुनियादी दस्तावेजों पर आसानी से बैंक ऋण उपलब्ध हो रहे थे। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से लागू हुए 'भूमि स्वामित्व' की अनिवार्य शर्त के नए नियमों के अनुसार, अब ऋण केवल उसी व्यक्ति को मिल सकता है जिसके नाम पर बिजली कनेक्शन और जमीन का स्वामित्व दोनों हो।

**ग्रामीण परिवेश की व्यावहारिक दिक्कतें:**
वर्मा ने एसडीएम को अवगत कराया कि ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में अक्सर बिजली कनेक्शन घर के युवा सदस्य के नाम होता है, जबकि जमीन आज भी दादा या पिता के नाम दर्ज है। पारिवारिक बँटवारा न होने के कारण पात्र व्यक्ति के पास स्वयं का स्वामित्व दस्तावेज नहीं होता। इस एक शर्त की वजह से चौमूं सहित पूरे प्रदेश में हजारों ऋण आवेदन बैंकों की ओर से निरस्त किए जा रहे हैं, जिससे प्रधानमंत्री का 'हर घर सोलर' का सपना प्रभावित हो रहा है।

### ज्ञापन में रखी गई मुख्य मांगें:

सोलर लोन के लिए'भूमि स्वामित्व' की बाध्यता को तत्काल समाप्त कर प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। पूर्व की भांति विद्युत बिल, पैन कार्ड, (आधार संख्या) और बैंक पासबुक के आधार पर ही ऋण स्वीकृत किए जाएं। जमीन के दस्तावेज के स्थान पर परिवार के मुखिया का 'सहमति पत्र' मान्य करने का नया दिशा-निर्देश जारी हो।

### चौमूं को 'सोलर स्मार्ट सिटी' बनाने का संकल्पः

राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि वह पिछले एक साल से चौमूं को सोलर स्मार्ट सिटी बनाने के मिशन पर कार्य कर रहे हैं और अब तक 150 से अधिक घरों में सोलर लगवा चुके हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इस व्यावहारिक समस्या का समाधान कर आम आदमी को राहत प्रदान करे ताकि बैंक पुनः आम जनता को ऋण वितरित कर सकें। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शहजाद खान लोहानी व पूर्व नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष भानु प्रसाद सैनी उपस्थित ।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा आज जालोर में युवा संवाद कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा शनिवार को जालोर प्रवास पर रहेंगे। जालोर के ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में युवा मोर्चा की ओर से आयोजित होने वाले युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। हेमेंद्र सिंह बगेड़िया ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशन व भाजपा जिला महामंत्री व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में 18 अप्रेल को दोपहर 12:00 बजे युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गोरा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में 21 अप्रेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन कार्यक्रम में जालौर जिले से अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना भी बनाई जाएगी। कार्यक्रम से पहले प्रदेश अध्यक्ष गोरा के जालौर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित होंगे । कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा की बैठक का आयोजन हुआ, इसमें सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में जिला महामंत्री प्रकाश जांगू, जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह अचलपुर, किशन प्रजापत, जिला मंत्री विकास सोलंकी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह भाटी, जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक मेघवाल , परमवीर सिंह भाटी, हीनल व्यास सहित विभिन्न कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 4 स्थायी वारंटी गिरफ्तार, नाबालिग निरुद्ध

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलियां की ओर से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए डकैती के मामले में 25 साल से फरार स्थाई वारंटी नानिया भील को जिला झाबुआ मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया।एएसआई लक्ष्मण सिंह ने मय टीम झाबुआ जिला में रह कर जानकारी जुटाते हुए स्थाई नानिया भील को कल्याणपुरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। वहीं आर्म्स एक्ट के मामले में एएसआई नरेश कुमार की ओर से मय टीम की ओर से जानकारी कर स्थाई वारंटी कन्हैयालाल भील को गिरफ्तार किया गया। साथ ही पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में वांछित सहयोगी आरोपी सुनिल भील गणेश घाटी बिजौलियां व महेन्द्र भील बिजौलियां को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरूद्ध किया। पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पांड्या, एएसआई नरेश कुमार व लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल हेमाराम, विश्राम, विनोद, श्रवण कुमार व मदनलाल शामिल रहे।

## लू-ताप से बचाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, एडवाइजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव को देखते हुए प्रशासन ने आमजन की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर लू-ताप से बचाव के लिए 'क्या करें और क्या ना करें' संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर जागरूक रहने की अपील की गई है। प्रभारी अधिकारी सहायता एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना ने बताया कि आमजन को नियमित रूप से मौसम की जानकारी लेते रहना चाहिए। इसके लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें या मोबाइल ऐप के जरिए अपडेट रहें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस, लस्सी, छाछ, नींबू पानी जैसे पेय का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और जरूरत पड़ने पर बाहर निकलते समय सिर को ढकें, धूप का चश्मा व सनस्क्रीन का उपयोग करें। श्रमिकों के लिए विशेष सावधानी प्रशासन ने नियोक्ताओं को निर्देश दिए हैं कि कार्यस्थल पर ठंडे पेयजल, छाया, प्राथमिक उपचार किट और ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्रमिकों से भारी काम कम तापमान वाले समय में करवाया जाए और बीच-बीच में विश्राम दिया जाए। उन्हें लू के लक्षणों के प्रति जागरूक किया जाए। मवेशियों के लिए भी जरूरी उपाय पशुपालकों को सलाह दी गई है कि पशुओं को छायादार स्थान पर रखें और पर्याप्त ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। दोपहर 11 से 4 बजे के बीच पशुओं से काम न लें। शेड को ठंडा रखने के लिए पुआल, पानी के छिड़काव और पंखों का उपयोग करें। इन बातों से करें परहेज एडवाइजरी में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में बाहर न निकलने, भारी कार्य से बचने और नंगे पांव बाहर न जाने की सलाह दी गई है। साथ ही शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से दूरी बनाए रखने, अधिक प्रोटीन व तैलीय भोजन से परहेज करने को कहा गया है। बंद वाहनों में बच्चों और पालतू जानवरों को अकेला छोड़ने से भी सख्त मना किया गया है। प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को चक्कर, कमजोरी या अस्वस्थता महसूस हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें, ताकि लू-ताप के दुष्प्रभावों से बचा जा सके।

## जिले की 8 तहसील, नगरपरिषद् धौलपुर व 6 नगरपालिकाओं में चलेगा अभियान

### 2014 प्रगणक व 335 पर्यवेक्षक घर-घर जाकर जुटाएंगे डेटा, डिजिटल होगी जनगणना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** देश के भविष्य और विकास की योजनाओं का आधार बनने वाली जनगणना-2027 की तैयारियां जिले में तेज हो गई हैं। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी. टी. के निर्देशन में जिले में यह अभियान 1 मई से प्रारंभ किया जाएगा। जनगणना के प्रथम चरण में नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा दी जाएगी, जिसके अंतर्गत वे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। यह व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। जिले में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके तहत लगभग 2014 प्रगणक एवं 335 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जो जिले के सभी गांवों एवं नगरीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

**मकानों की सूचीकरण व स्व-गणना का चरण**

जनगणना के प्रथम चरण में जिले के सभी गांवों एवं शहरों में मकानों की सूचीकरण की जाएगी। इसके बाद 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना का कार्य चलेगा, जिसमें नागरिक स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जो नागरिक स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनके लिए प्रगणक घर-घर जाकर आवश्यक विवरण एकत्र करेंगे।

**डेटा पूरी तरह रहेगा गोपनीयः**

जिला कलक्टर ने बताया कि जनगणना के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी और इसका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। उप जिला जनगणना अधिकारी व उप निदेशक आर्थिक व सांख्यिकी विभाग राजेश कुमार ने बताया कि जिले में कुल 15 चार्ज क्षेत्रों में इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।

# अमावस्या पर साढ़े तीन क्विंटल लापसी का महाभोग, भामाशाहों की उमड़ी भीड़

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** अमावस्या के पावन अवसर पर कोलीवाड़ा स्थित श्री राम गौशाला सेवा समिति में ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने गौसेवा को नई ऊंचाई दे दी। यहां श्रद्धा, सेवा और समर्पण का संगम इस कदर उमड़ा कि गौशाला पूरे क्षेत्र में आस्था का केंद्र बन गई। मुंबई के भामाशाह चंपालाल अंबावत जैन परिवार ने साढ़े तीन क्विंटल लापसी बनवाकर गौमाता को अर्पित की। गुलाब के फूलों से सजी लापसी को जब विधि-विधान के साथ गोवंश को समर्पित किया गया, तो पूरा परिसर 'जय गोपाल, जय श्री कृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा। हर आंख में श्रद्धा और हर मन में सेवा का भाव स्पष्ट नजर आया।

**सेवा की लहर बनी जन आंदोलन, दानदाताओं की लगी होड़ः**

इस आयोजन ने गौसेवा को जनआंदोलन का रूप दे दिया। समाजसेवी चंपालाल चांदोरा ने एक ट्रॉली हरा चारा और दो कार्टून गुड़ अर्पित कर सेवा का उदाहरण पेश किया। जय



महादेव सुरेश भाई सुथार (कोलीवाड़ा) और सुनील कुमार खेतान (चेन्नई) ने एक-एक टोली हरा चारा समर्पित किया। गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार ने हरा चारा तथा कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित ने दो कार्टून गुड़ अर्पित कर सेवा की कड़ी को और मजबूत किया। अध्यक्ष धीरज सांखला की अगुवाई में गोवंश को लापसी, हरा चारा और गुड़ का भोजन कराया गया। गौशाला में दानदाताओं की लगातार बढ़ती उपस्थिति ने यह संकेत दे दिया कि अब गौसेवा लोगों की प्राथमिकता बनती जा रही है।

### वास्तु विशेषज्ञ का सम्मान, विकास की नई दिशाः

इस अवसर पर चेन्नई के ख्याति प्राप्त वास्तुकला विशेषज्ञ सुनील खेतान का गौशाला परिवार ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अध्यक्ष धीरज सांखला, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, खीमाराम कुमावत, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया और मोमेंटो भेंट किया। खेतान ने अध्यक्ष सांखला के साथ गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भविष्य में गौशाला को और विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

### पूजन, सेवा और संगठन—तीनों का मजबूत संगमः

कार्यक्रम से पूर्व गंगाबाई (धर्मपत्नी चंपालाल चांदोरा) और दीना (धर्मपत्नी चतुर्भुज शर्मा) ने गौमाता का पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन का संचालन अध्यक्ष धीरज सांखला के नेतृत्व में हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, मंत्री भंवरलाल परमार सहित समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### गौशाला बनी भरोसे का केंद्र, बढ़ता जा रहा कारवांः

समिति अध्यक्ष धीरज सांखला ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल गौसंवर्धन को मजबूती देते हैं, बल्कि समाज में सेवा और संस्कारों की नींव को भी मजबूत करते हैं। अमावस्या और अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि लोग अब गौसेवा से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। अंत में समिति ने अंबावत परिवार, चांदोरा परिवार, सुरेश भाई सुथार, सुनील कुमार खेतान, शिवलाल परिहार, नरेंद्र कुमार पुरोहित सहित सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। कोलीवाड़ा की श्री राम गौशाला अब केवल एक स्थान नहीं, बल्कि सेवा, श्रद्धा और विश्वास का ऐसा केंद्र बन चुकी है, जहां हर दिन नए भामाशाह जुड़ रहे हैं और गौसेवा का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत 14.25 लाख पौधों का किया जाएगा वितरण

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने, प्रदेश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने, ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के उद्देश्य से संचालित मिशन "हरियालो राजस्थान" के तहत जालोर जिले में वन विभाग की ओर से 14.25 लाख पौधे तैयार कर वितरण किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट भाषण की घोषणा बिन्दु सं. 45(1) के अनुसार मल्टी सेक्टरल प्रोग्राम के रूप में मिशन "हरियालो राजस्थान" को साकार करने की घोषणा कर प्रदेश में प्रतिवर्ष 10 करोड़ पौध वितरण कर लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत जालोर जिले में वन विभाग की ओर से 14.25 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जिले की 15 पौधशालाओं में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से पौधों की होगी सुगम उपलब्धता

वन विभाग की ओर से जिले में कुल 14.25 लाख पौधों के वितरण की कार्ययोजना के तहत रणछोड़ नगर नर्सरी में 1.25 लाख, माण्डवला नर्सरी में 1.10 लाख, आहोर नर्सरी में 80 हजार, सायला नर्सरी में 60 हजार, आकोली नर्सरी में 30 हजार, हातिमताई नर्सरी में 95 हजार, जुंजाणी नर्सरी में 30 हजार, जसवंतपुरा नर्सरी में 2.40 लाख, रामसीन नर्सरी में 80 हजार, रानीवाड़ा नर्सरी में 2.25 लाख, सांकड़ नर्सरी में 80 हजार, सांचौर नर्सरी में 90 हजार, डेडवा नर्सरी में 30 हजार व पादरली नर्सरी में 30 हजार व चारा नर्सरी में 12 हजार पौधे तैयार कर विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से वितरण किया जाएगा।

**नर्सरियों में उपलब्ध पौधों की यह रहेगी दरें:**

कांटेदार प्रजाति के पौधे 5 रूपये प्रति पौधा, एक वर्ष तक के पौधे में 2 फीट की ऊँचाई तक के पौधे की 6 रू. प्रति पौधा तथा 2 फीट से ऊपर एवं 3 फीटर की ऊँचाई तक के पौधे की दर 10 रूपये प्रति पौधा, एक वर्ष से दो वर्ष तक पौधे में 3 फीट से ऊपर व 5 फीट की ऊँचाई तक के पौधे (बड़ी थैलियों में) की दर 15 रूपये प्रति पौधा व 5 फीट से ऊपर एवं 8 फीट की ऊँचाई तक के पौधे (बड़ी थैलियों में) की दर 25 रूपये प्रति पौधा, दो वर्ष से अधिक के पौधे में 8 फीट से ऊपर व 10 फीट की ऊँचाई तक के पौधे (बड़ी थैलियों में) की दर 50 रूपये प्रति पौधा व 10 फीट से ऊपर ऊँचाई तक के पौधे की दर 75 रूपये प्रति पौधा तय की गई है। मिशन "हरियालो राजस्थान" के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन जिले में मिशन "हरियालो राजस्थान" को क्रियान्वित करने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है जिसमें जिला कलक्टर अध्यक्ष व उप वन संरक्षक सदस्य सचिव होंगे और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक, उद्यान विभाग के उप निदेशक, जिला खेल अधिकारी, जनजातीय स्तरीय विकास विभाग सिरोही, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता, नगर परिषद जालोर के आयुक्त, नगरपालिका सायला, आहोर, भीनमाल व सांचौर के अधिशासी अधिकारी, जिला सूचना व जन सम्पर्क अधिकारी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षाधिकारी, समस्त राजकीय महाविद्यालय के नोडल अधिकारी सदस्य होंगे। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की ओर से जिले में कार्ययोजना बनाकर "हरियालो राजस्थान" योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जाएगा।

## ग्रामीणों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने निकलेगा 'विकास रथ': जिला व ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी गांव-ढाणियों तक पहुंचाने के लिए जल्द ही जिले में एलईडी मोबाइल वैन आधारित 'विकास रथ' अभियान शुरू किया जाएगा। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और संचालन व मॉनिटरिंग के लिए नोडल व सह-नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित योजनाओं—विशेषकर किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं—की जानकारी प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-गांव में योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास रथ के सुचारू संचालन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग संत सिंह और संयुक्त निदेशक कृषि विभाग प्रभु दयाल शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उपखंड स्तर पर संबंधित एसडीएम ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी, सहायक निदेशक कृषि सहायक नोडल प्रथम तथा बीडीओ सहायक नोडल द्वितीय के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रशासन के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग रूट चार्ट तैयार किया जाएगा। संबंधित एसडीएम रूट तय कर जिला स्तर पर भेजेंगे। प्रत्येक एलईडी वैन प्रतिदिन 5 से 6 स्थानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थलों पर पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय संस्थाओं और अधिकारियों को पूर्व सूचना देकर सहभागिता बढ़ाई जाएगी। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, आगंतुकों की निगरानी और कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारियों को दी गई है।

अभियान के तहत प्रत्येक दिन अंतिम ठहराव स्थल पर संध्या चौपाल और कला जत्था कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी रोचक और प्रभावी तरीके से मिल सके।

## 5 साल में पैसा डबल' का झांसा: पति-पत्नी सहित समूह पर केस

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में 'पैसे डबल' करने का लालच देकर ठगी करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आकाशदीप स्वयं सहायता समूह के नाम पर लोगों से किस्तों में रकम जमा करवाकर वापस नहीं लौटाने के आरोप में पति-पत्नी सहित कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि निहालगंज थाने में सुनवाई नहीं होने पर उसे एसपी कार्यालय की चौखट तक जाना पड़ा। पीड़ित भूपेंद्र पुत्र शंकरलाल निवासी सीताराम कॉलोनी, बाड़ी रोड धौलपुर ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके भाई जितेंद्र शेखर भी मजदूरी करते हैं। करीब 9 वर्ष पूर्व आकाशदीप स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष मांगीलाल आर्य, उसकी पत्नी व कोषाध्यक्ष संगीता आर्य, सचिव देवीलाल तथा सदस्य रामस्वरूप उनके घर आए और 5 साल में पैसे डबल करने का झांसा दिया।

**हर माह 1000 की किस्त, 5 साल तक जमा कराए पैसे**

भूपेंद्र के अनुसार फरवरी 2016 से फरवरी 2021 तक उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने हर माह 1000 रुपए की किस्त जमा कराई। इस दौरान आरोपियों ने सुरक्षा के नाम पर बिना तारीख और राशि के खाली चेक भी हस्ताक्षर करवाकर अपने पास रख लिए।

**समय पूरा होने पर टालमटोल, बहानेबाजी**

पीड़ित ने बताया कि तय अवधि पूरी होने पर जब पैसे मांगने गए तो आरोपियों ने 'फाइल बन रही है ', 'सर्वर डाउन है ', 'सिस्टम काम नहीं कर रहा' जैसे बहाने बनाकर लगातार टालते रहे। काफी समय तक चक्कर लगाने के बावजूद न तो रकम वापस मिली और न ही दिए गए चेक लौटाए गए।

**पूछताछ में सामने आया ठगी का खेलः**

आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर पीड़ित को पता चला कि इसी तरह कई लोगों से फर्जी दस्तावेज दिखाकर पैसे ऐंठे गए हैं। आरोप है कि यह गिरोह भोले-भाले और अनपढ़ लोगों को निशाना बनाकर ठगी करता है।

**पैसे मांगने पर गाली-गलौज कर भगा दिया:**

पीड़ित ने बताया कि 21 दिसंबर 2025 को जब वह अपने परिवार व अन्य लोगों के साथ आरोपियों के घर पहुंचा तो उनके साथ अभद्रता की गई और गाली-गलौज कर भगा दिया गया।

**थाने में सुनवाई नहीं, एसपी से लगाई गुहारः**

भूपेंद्र का कहना है कि 5 फरवरी 2026 को निहालगंज थाने में मामला दर्ज कराया गया, लेकिन करीब ढाई महीने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब वह एसपी के पास न्याय की गुहार लेकर पहुंचा है। पीड़ित ने कहा कि 'मैं मजदूर आदमी हूं, छोटे-छोटे बच्चे हैं। महंगाई के इस दौर में कैसे गुजारा करूं। पैसे डबल होने की उम्मीद में जमा कराए थे, अब मूल राशि भी नहीं मिल रही। ' मामले ने शहर में स्वयं सहायता समूहों के नाम पर चल रही योजनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कब तक आरोपियों पर कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत दिला पाती है।

## राजाखेड़ा में खाद विक्रेताओं को दिया एकदिवसीय प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा पंचायत समिति सभागार में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद्, धौलपुर की अध्यक्षता में ब्लॉक राजाखेडा के समस्त आदान विक्रेताओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक 37 आयोजन पंचायत समिति परिसर, राजाखेडा में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक प्रभुद?याल शर्मा की ओर से आदान विश्लेताओ को रिकार्ड संधारण यथा रेट बिस्ट लगाना, स्टॉक रजिस्टर संधारण व पौष मशीन से आदान विष्ठ्य करना और कृषको की ओर से मांगे जाने पर बिल उपलब्ध करवाना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही प्रति कृषक एक या दो बैग युरिया, डीएपी विक्रय आधार कार्ड या फार्मर आई.डी. से विक्रय करने के लिए निर्देशित किया गया। अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाने की बात कही। प्रशिक्षण में धरती माता बचाओ अभियान के तहत यूरिया, डीएपी के डायवर्जन को रोकना तथा सदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिश के अनुसार उर्वरको का उपयोग करना, डीएपी के स्थान पर 3 बैग SSP व एक बैग युरिया का के उपयोग करना था TSP (डाई सुपर फॉस्फेट) व NPK का उपयोग करना जिससे डीएपी पर निर्भरता कम हो और उत्पादन भी अच्छा हो सके। रासायनिक उर्वरको पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक खाद के प्रयोग पर बल दिया गया। जैविक खाद यथा कम्पोस्ट वर्मीकम्पोस्ट, हरी खाद, बीजामृत, धनासूत, दसपर्णी, नीमास्त्रआदि के फायदे बताए गए और कृषको को जैविक खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद, धौलपुर प्रभुद?याल शर्मा व सहायक निदेशक कृषि वि.) धौलपुर भी बबलू कुमार त्यागी व ब्लॉक राजाखेन के समस्त सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## मंत्री जोराराम कुमावत ने सुनी जनपीड़ा, त्वरित निर्देश-नियमित आपूर्ति की उम्मीद जगी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 26 में लंबे समय से बनी पानी की समस्या को लेकर शुक्रवार को सकारात्मक और परिणामोन्मुख पहल देखने को मिली। वार्डवासी संगठित होकर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के पास पहुंचे और अपनी बात पारदर्शिता के साथ रखी। मंत्री ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए समस्या को गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। वार्डवासियों ने बताया कि नियमित जलापूर्ति नहीं होने से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए नागरिकों ने सीधे संवाद का रास्ता चुना, जो सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया।

**तत्काल निर्देश, समाधान की दिशा तयः**

मंत्री कुमावत ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति व्यवस्था का आकलन कर जल्द से जल्द नियमित और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवश्यक तकनीकी व प्रबंधन स्तर के सुधार भी प्राथमिकता से किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो।

**जनता-प्रशासन के बीच भरोसे का सेतुः**

इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, पार्षद नरेश कुमावत सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर समाधान की दिशा में सहयोग का भरोसा जताया। यह संवाद प्रशासन और आमजन के बीच भरोसे को मजबूत करने वाला कदम माना जा रहा है।

**सकारात्मक पहल से बढ़ी उम्मीदें'**

वार्डवासियों ने संतोष व्यक्त किया कि उनकी बात सीधे सुनी गई और उस पर तत्काल कार्रवाई के संकेत मिले। अब उम्मीद है कि शीघ्र ही जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा और वार्डवासियों को राहत मिलेगी।

यह पहल दर्शाती है कि जब जनप्रतिनिधि और नागरिक एक मंच पर संवाद करते हैं, तो समस्याओं का समाधान न केवल संभव होता है, बल्कि पारदर्शिता और विश्वास भी मजबूत होता है—वार्ड 26 में पानी को लेकर शुरू हुई यह पहल उसी दिशा में एक सशक्त कदम है।


| सत्यमेव जयते | राजस्थान राज-पत्र<br>साधारण | RAJASTHAN GAZETTE<br>Ordinary |
| --- | --- | --- |
| | साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |
| | जिल्द 74 ज्येष्ठ 4, गुरुवार, शाके 1945-मई 25, 2023 अंक 08<br>Vol. 74 jyaistha 4, Thursday, Saka 1945-may 25, 2023 No. 08 | |

**भाग 7 (1)**

**विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेन्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन, (2) न्यायालय की सूचनाएं, (3) संघीय लोक सेवा आयोग और (4) राजस्थान लोक सेवा आयोग आदि की सूचनाएं ।**

**राजस्थान सेवा नियम, वित्त विभाग के आदेश सं.एफ.1/12/एफ.डी.ई.आर.187, दिनांक 10-4-57 की अनुपालना में।**

**नाम/ उपनाम/ सरनेम परिवर्तन का बंध-पत्र**

इस बन्ध-पत्र द्वारा मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता मिनाली भांवरा (नया नाम) जो अभी इससे पूर्व छोटी मीना (पुराना नाम) कहलाती थी एवं जो छात्रावास अधीक्षक (संबंधित राज्य कर्मचारी द्वारा उस समय धारित किए गये पद का नाम) के रूप में रा.बा.आ.छा. भगवतसर, कांकरिया चाकसू (जयपुर) (स्थान जहां राज्य सरकार के विभाग में नियुक्त) पर नियुक्त थी, एततद्वारा

1. स्वयं तथा मेरे पति एवं बच्चे तथा दूर के बच्चे जो पूर्णतया आश्रित हो मेरे पूर्व नाम छोटी उपनाम मीना (सिर्फ) को त्यागती हूँ तथा उसके स्थान पर उसी तारीख से नाम मिनाली तथा उपनाम भांवरा ग्रहण करती हूँ एवं इसलिए मैं, मेरे पति, बच्चे, दूर के बच्चे एततद्वारा मेरे पूर्व उपनाम छोटी मीना (केवल) से न जाने जाएं तथा पहचाने जाएं बल्कि मेरे द्वारा ग्रहण किये गये उपनाम भांवरा द्वारा जाने जाएं।

2. उक्त मेरे निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करती हूँ कि मैं एतद्?पश्चात् सभी समय, निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बंध-पत्रों, प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों, व्यवहारों एवं लेन-देनों में तथा सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम छोटी तथा उपनाम मीना (सिर्फ) के स्थान पर एवं उसके परिवर्तन में मिनाली नाम के रूप में तथा भांवरा उपनाम के रूप में प्रयुक्त करूंगी एवं हस्ताक्षर करूंगी।

3. स्पष्टतः एतदपश्चात् तथा सभी समय, सभी व्यक्तियों को मुझे, मेरे पति, मेरे बच्चे, दूर के बच्चों को तद्?नुसार नये रखे नाम मिनाली उपनाम भांवरा के नाम से सम्बोधित करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ तथा उसके लिए निवेदन करती हूँ।

इसके साक्षी में, मैंने अपने पूर्व नाम एवं नये नाम छोटी मीना तथा मिनाली भांवरा का वर्णन किया है तथा दिनांक 23.05.2023 को हस्ताक्षर किये है।

हस्ताक्षरित निम्नलिखित की उपस्थिति में उपर्युक्त नाम मिनाली भांवरा द्वारा जो पूर्व में छोटी मीना कहलाती थी, हस्ताक्षर किये हैं।

**साक्षी-**
**1. ममता मीना**
**2. योगिता रावत**

**प्रतिहस्ताक्षर**
**सुमन देवी**
**25.05.2023**

**अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पदेन परियोजना अधिकारी (माडा) जिला परिषद, जयपुर।**

**छोटी मीना**
**हस्ताक्षर**
**नया नामः मिनाली भांवरा**
**पुराना नामः छोटी मीना**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
18 अप्रेल, 2026


## सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने निकाली रैली





जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा में श्री बेगराज राठी उ मा विद्यालय के नेतृत्व में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को साफा व माला के साथ सम्मानित किया गया। बेगराज राठी स्कूल के साथ ही महात्मा गांधी रा वि व राजकुमार लाहोटी बालिका विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ भव्य रैली निकाली गई। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि शिक्षा वो प्रकाश है जिसकी रोशनी में पीढ़ियां अपनी राह चुनती हैं प्रिंसिपल केसरी सिंह, प्रिंसिपल भागीरथ गर्ग, व्याख्याता अजय, सत्यनारायण के सान्निध्य में लगभग 600 बच्चों ने नाचते गाते रैली में भाग लिया। विशाखा भार्गव, नीतू आचार्य, लिछमा, खुशी, रुचिका, रोशनी, कांता, निशा, अनुसुइया, अंकिता, रामचंद्र, मोनिका, आरुषि, भगवती, श्रावणी, दीपिका आदि प्रतिभाशाली बच्चों का ग्रामीणों ने स्वागत किया, जिनको राठी ने सात मोहल्ले की स्वच्छता निरीक्षण के लिए जज बनाया, ताकि रैली में चलते हुए गांव के सात मोहल्लों को रैंकिंग दी जा सके।

## होनहारों का बीबीआईएस ने किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल द्वारा टॉप रैंकर्स को सम्मानित किया गया है। मेगाहाईवे स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में माही अग्रवाल 96.2 प्रतिशत, हिमानी संतोभा 95.2, राहुल



डूडी 92.2, प्रत्युषी जैन 89.4, कार्तिक 88.6, दक्षिता राठौर 88.2, यश जैन 87.6, पारिधि सेठी 87, शौर्य प्रताप सिंह 86.8, अर्पिता मारू 84.4, योगिता शर्मा 84.2, तेजस्वी सोनी 84, निरल गोदारा 82.4, दर्शन जैन 81.6, सोनम प्रजापत 80 प्रतिशत को प्रिंसिपल प्रमिला तिवाड़ी, व्यवस्थापक बुधाराम खिलेरी ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कर्यक्रम में अत्यंत उत्साह और गर्व के साथ वक्ताओं ने मेधावी छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत, समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता को सराहा। टॉप रैंकर्स को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में साफा (पारंपरिक पगड़ी) और पदक देकर सम्मानित किया गया। बुधाराम खिलेरी ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य न केवल छात्रों की सफलता को सम्मानित करना था, बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को भी मान्यता देना था। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ने छात्रों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

## दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की जन्म जयंती मनाई

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र से सात बार विधायक व नहर मंत्री, ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रहे पंडित भंवरलाल शर्मा की जन्म जयंती पर उनकी स्मृति स्थल पर उनके परिजनों व समर्थकों ने पुष्पांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नम आंखों



से अपने नेता को याद किया। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, उप प्रधान केशरी चंद शर्मा, भामाशाह विकास मालू, विनीत मालू, भामाशाह बाबूलाल बोथरा, हंसराज पुजारी, जगदीश जैसनसरिया, महावीर माली, जितेन्द्र राजवी, शोभाकांत स्वामी, राजेश पारीक, रामलाल सारण, लालबहादुर सेवदा, शेरा बिसायती, मांगीलाल शर्मा, दुर्गाराम पारीक, लूणाराम सैनी, वेदप्रकाश चोटिया, बाबूलाल सैनी, विनोद जांगिड़, चिमनलाल बुच्चा, हरिनाथ सिद्ध, कुलदीप शर्मा, किशोर भारद्वाज, रिजवान सैयद, मदनसिंह निर्वाण, शंभुदयाल पारीक, पंकज शर्मा, गौरव कुरील, किशन सींवर, बजरंगलाल पारीक, सुखराम राईका, कालूराम महर्षि, राजेंद्र सिंवाल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने नेता नमन करते हुए याद किया।

## गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय सफेद घंटाघर के पास स्थित गीता क्लासेज कार्यालय में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति, शाखा चूरू की साधारण सभा की बैठक गुरुवार शाम को डॉ. जनार्दन आचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान जनार्दन आचार्य को हाल ही में मिले साहित्य सेवा रत्न सम्मान के लिये उनका माला पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से




सेमीनार आयोजित करने पर चर्चा की गई। सेमिनार के लिए चार उच्च माध्यमिक विद्यालय, दो माध्यमिक विद्यालय व दो कॉलेजों का चयन किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि इन संस्थानों की प्रबंधन समितियों से वार्ता कर सेमिनार की तिथि तय की जाएगी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने समिति को सक्रिय और व्यापक बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। इस दौरान समिति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगभग 1000 प्रश्नोत्तरी पुस्तिकाएं छपाने पर भी चर्चा की गई। वहीं समिति ने जागरूकता अभियानों के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने पर जोर दिया। बैठक में मदनलाल राजपुरोहित, प्रेम कुमार वशिष्ठ, ओमप्रकाश इन्दौरिया, महेंद्र कुमार कश्यप, निरंजन कुमार वर्मा, दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अप्रेल से चलेगा तीन माह तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, यादगार से सांगानेर तक टोंक रोड़ बनेगा यातायात के लिए आदर्श पथ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर व जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष संदेश नायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि जयपुर राजस्थान की राजधानी होने के साथ-साथ सांस्कृतिक व ऐतिहासिक नगरी होने के कारण पर्यटन की दृष्टि से सम्पूर्ण विश्व में महत्त्वपूर्ण है। जयपुर में आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के साथ-साथ यहाँ के नागरिकों की सुरक्षा हम सभी के लिए महत्त्वपूर्ण है और जयपुर के यातायात को सुगम, सरल, बाधा व दुर्घटना रहित बनाना हम सब की जिम्मेदारी है।




### यादगार से सांगानेर तक बनेगा आदर्श पथः

उन्होंने कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप यादगार अजमेरी गेट से सांगानेर तक टोंक रोड को आदर्श यातायात के लिए सुगम व दुर्घटनारहित पथ बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित सड़क सुरक्षा व यातायात संबंधी अन्य एजेंसियाँ कार्य करेंगी। उन्होंने उक्त सड़क को आदर्श पथ बनाने के लिए वहाँ की जनता से सहयोग की अपील भी की है।

### त्रैमासिक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में ये कार्य होंगें:

जिला कलक्टर ने बताया कि अप्रेल माह से तीन माह तक सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा इस दौरान शहर की सड़कों की मरम्मत, सीवरेज मेनहॉल को ठीक करना, साइनेज लगाना, जेब्रा-क्रॉसिंग को ढंग से पुतवाने, डिवाइडर सही करवाने, ट्रैफिक लाइट्स को ठीक करवाने, सड़क के मध्य बनी सफेद लाइन को पुनः पुतवाने, पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा प्रदान करने, आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ ऑवरलोडेड वाहनों के चालान सहित ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने, सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने, हेलमेट नहीं लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी।

### विद्यालयों में देंगे यातायात नियमों की जानकारी :

जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान के तहत विद्यालयों में अध्ययन करने वाले हमारे भावी नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी निःशुल्क प्रदान की जाएगी। उन्हें ट्रैफिक लाइट्स के नियमों, सड़क कब और कैसे पार करें और सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचें इसके बारे में उन्हें व्यापक जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

### ब्लेक स्पॉट्स का हो समाधान

जिला कलक्टर ने कहा कि ब्लेक स्पॉट्स सुगम व दुर्घटना रहित यातायात में मुख्य बाधा हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर के 88 ब्लेक स्पॉट्स में से 34 में स्थाई सुधारात्मक कार्य प्रगतिरत है वहीं 53 में सुधारात्मक कार्य करवाये जा चुके हैं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर दक्षिण युगान्तर शर्मा, आरटीओ द्वितीय धर्मेन्द्र, सदस्य सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति व अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्रामीण यातायात व पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व सड़क सुरक्षा से जुड़ी अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बूंगी स्कूल में लगा वाटर कूलरः मोहता परिवार की 'शीतल जल योजना' से विद्यार्थियों को राहत, तीसरा कूलर स्थापित

जयपुर टाइम्स




**सादुलपुर(चूरू)।** तहसील के गांव बूंगी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह एवं समाजसेवी श्री वर्धन मोहता के सौजन्य से 'श्रीमती कमला देवी मोहता शीतल जल योजना' के तहत वाटर कूलर का समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। भीषण गर्मी के बीच विद्यार्थियों को ठंडे पानी की सुविधा मिलने से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मोहता ग्रुप के सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन मंगतू राम मोहता, एडवोकेट गायत्री पूनिया तथा मोहता के निजी सचिव मनीष डोरवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा बांधकर अभिनंदन किया। मोहता परिवार द्वारा इस गर्मी के मौसम में यह तीसरा वाटर कूलर स्थापित किया गया है। अब तक राजगढ़ तहसील क्षेत्र में कुल 33 वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं, जिससे आमजन को गर्मी में ठंडे पानी की सुविधा मिल रही है। पूर्व चेयरमैन मंगतू राम मोहता ने बताया कि मोहता परिवार का अपनी मातृभूमि से गहरा जुड़ाव रहा है और वर्षों से वे औषधालय, कॉलेज, बालिका कॉलेज, वाटर कूलर सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में सहयोग करते आ रहे हैं। उन्होंने विद्यालय में भविष्य में भी ट्रस्ट के माध्यम से विकास कार्य करवाने का आश्वासन दिया। एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि मोहता ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, बेटियों की शिक्षा, गरीबों के इलाज और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कई सेवा कार्य लगातार किए जा रहे हैं। वक्ताओं ने यह भी बताया कि आजादी से पहले ही मोहता ग्रुप ने क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। कार्यक्रम में बनवारी मेघवाल, तेजाराम, फुलाराम, शिशराम, महेंद्र, भूराराम, गुलाब सिंह, रणजीत, रामजीलाल, सुरेश, रमेश, टीडूराम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय स्टाफ में राकेश शर्मा, रमेश रुलानिया, राज सिंह, सुभाष चंद्र, नरेश कुमार, नरपत, अंकित, वीरेंद्र, रवींद्र कुमार, रामकुमार, दलीप कुमार, संकुतला, सरिता, सावित्री, कृष्णा, पूनम, धर्मा, सुनीता, घमंडी राम, सतेंद्र सिंह, संध्या सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह काजला ने किया।

## एचपीवी टीकाकरण को लेकर बालिकाओं व अभिभावकों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पीएमश्री राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय की टीम ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व और इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।गायनिक चिकित्सक डॉ. प्रियंका बेनीवाल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है, जो लगभग 99.99 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है।उन्होंने बताया कि निजी बाजार में इसकी कीमत करीब चार हजार रुपए तक होती है, जबकि सरकारी अभियान के तहत यह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि भारत सरकार एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान के तत्वावधान में चल रहे अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की सिंगल डोज लगाई जा रही है।टीकाकरण से पूर्व यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।टीम ने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांतियों पर विश्वास न करें और अपनी बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय पर टीकाकरण करवाएं। साथ ही अधिक से अधिक बालिकाओं को इस जनहितकारी अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ के टीकाकरण कक्ष में यह वैक्सीन प्रतिदिन (राजकीय अवकाश को छोड़कर) सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध है। इस अवसर पर नर्सिंग अधिकारी अशोक कुमार, एएनएम सुनीता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**बिसाऊ(निस)।** केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम में लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों की भी उपस्थिति रही। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्रों का विद्यालय की ओर से सम्मान किया गया जिसमें हर्षित कुमार (95.2') हर्षित जांगिड़ (94.4') आस्था गढ़वाल (93.6') तुलसी शर्मा (93.4'), पिहु शर्मा (93.0') पूर्वी तिलोटिया (92.8') सूरज शर्मा (90.6') अब्दुल रहमान (90.4') आकृति पारीक (88.4) व नैतिक अग्रवाल (87.2) सहित कई अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। कई अभिभावकों ने विद्यालय के अनुशासित व सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण ही उनके बच्चे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। समारोह हर्षोल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

सरकारी स्कूल का शानदार रिजल्ट

## 12वीं-10वीं में बेटियों का दबदबा, गांव में निकला विजय जुलूस



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम राजियासर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का सत्र 2026 का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा। कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय में नव प्रवेशोत्सव के साथ भव्य उत्सव मनाया गया और गांव में विजय जुलूस निकालकर छात्राओं का सम्मान किया गया। विद्यालय की छात्रा तमन्ना कंवर ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं अनिला चौधरी ने 91.80 प्रतिशत तथा रवीना चलका ने 88.20 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा 11 छात्राओं को गार्गी पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। आरती कंवर और कंचन जाखड़ सहित सभी मेधावी छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक प्रिंसिपल गौरी शंकर जाखड़, ओंकार सिंह, भवानी सिंह, अमित जाखड़, विकास बिजारणियां, दुलाराम, भामाशाह रामचंद्र बिजारणियां, मुकेश कुमार मीणा, नंद किशोर, विमल, बाबूलाल, खींवाराम बिजारणियां, सुलोचना बिजारणियां, मदन सिंह, प्रकाश चंद, बृजमोहन सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। अतिथियों और स्टाफ ने छात्राओं की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# सुप्रिया का 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर किया

जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की ओर से घोषित माध्यमिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल टॉपर सुप्रिया पुत्री दलीप ने 98.40 प्रतिशत अंक व प्रियांशी शर्मा 94.40, दिव्यम 94.20, अर्णव 94, अनिशा भास्कर 93.40, गरिमा 90.80, यश 90.20 को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रांगण में साफा पहनाकर, तिलकार्चन व माल्यार्पण कर अभिभावक के साथ मिठाई खिलाकर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संरक्षिका विनोद





ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंजी. ढूकिया ने प्रतिभाशाली अभिभावक का अभिनंदन कर स्वागत करते हुए अभार व्यक्त किया और अपने उद्बोधन में कहा कि बड़ी सफलता के लिए बड़े पिता का होना जरूरी नही, बड़ा लक्ष्य होना जरूरी है। उन्होने विद्यार्थियों को जीवन में सही मार्गदर्शन की दिशा में चलने का आह्वान किया और बताया कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी सुप्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय विधालय प्रबंधन, शिक्षकगण, माता - पिता को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षकगण की कठोर मेहनत व मार्गदर्शन का प्रमाण है। छात्रा भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती है। सहायक अभियंता ज्योति ढूकिया, प्रधानाचार्य निधि सिहाग व शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रांगण में विजयोत्सव मनाते हुए डीजे बजाकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। कार्यक्रम में राकेश झाझड़िया, सुधीर शर्मा, मंगलाराम जांगिड़, पवन कुमार, मनीष सैनी, महावीर शर्मा, सुनील मील व अभिभावक सरोज देवी, गीता देवी, मोहन लाल, आकाश कुमार, राजेश कुमार, मंजू चौधरी, सुशिला देवी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## गो-सम्मान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान जारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गो-सम्मान अभियान के तहत सनातन सेवा न्यास की ओर से 13 अप्रैल से शुरू किया गया हस्ताक्षर अभियान निरंतर जारी है। अशोक स्तंभ के पास कार्यकर्ताओं ने टेबल लगाकर बाजार में आने-जाने वाले राहगीरों से हस्ताक्षर कर समर्थन प्राप्त किया। यह अभियान सनातन सेवा न्यास के सानिध्य में चूरू जिला गौ सेवा प्रमुख विजय नायक व नगर युवा अध्यक्ष सुमित बजरंगी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। अभियान शहर के प्रमुख स्थानों बस स्टैंड, अशोक स्तंभ, घंटाघर व मुख्य बाजारों में चल रहा है। इसका उद्देश्य गो-संरक्षण व गो-सम्मान के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। हस्ताक्षर अभियान 22 अप्रैल तक जारी रहेगा और 27 अप्रैल को एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## उपकारागृह में ट्रस्ट ने लगाया वाटर कूलर



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गर्मी के इस मौसम में उपकारागृह में बंद बंदियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था व्यवस्था उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम वाटर कूलर लगाया गया है। सुरेश कुमार मुरारका व गौरीशंकर जालान की प्रेरणा से एमएनपी जालान सेवा ट्रस्ट कोलकाता ने 40 हजार रुपए की लागत का वाटर कूलर शुक्रवार को उपकारागृह में प्रदान किया है, जिसका शुभारंभ सीआई गौरव खिड़िया, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष इंदौरिया ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने इसे पुनीत कार्य बताते हुए कहा कि धन से धन सदुपयोग होता है और भीषण गर्मी में ठंडा पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। इस वाटरकूलर से जेल के बंदियों को अब ठंडा पानी मिलेगा। जेलर विजेंद्रसिंह ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुरारका, जालान, सज्जन सराफ, रामकिशन गौरीसरिया, सुनील जालान, पंकज धानुका, राकेश शर्मा, अनिल स्वामी, शीशराम सैनी, भगवती सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मुस्लिम छींपा समाज ने किया प्रतिभाओ का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मुस्लिम छींपा समाज द्वारा रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह व श्री राम हॉस्पिटल बीकानेर के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन का आयोजन किया गया। छिंपा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 70 से ज्यादा ब्लड यूनिट डोनेशन किया गया तथा 80 प्रतिभाओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं तथा स्नातक अच्छे अंकों से से उत्तीर्ण करने वाले होनहारों को सम्मानित किया गया। करीब 200 से ज्यादा लोगों को चिकित्ससकी परामर्श दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर आसिफ टाक, एडवोकेट सचिव सद्दाम, रमजान टाक, शकील टाक, सलीम भाटी, आरिफ टाक, असलम राव, इकबाल टाक, सदिक भाई, उमरदीन टाक, साजिद टाक, आदिल भाटी, उमरुद्दीन राव आदि ने योगदान दिया।

## सीबीईओ ने दिया संस्था प्रधान को नोटिस

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** हाल ही में 12 अप्रेल को भोजलाई बास स्थित राजकीय नागरिक परिषद उच्च माध्यमिक विद्यालय में नव निर्मित डायमंड ब्लॉक का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें चूरू सांसद राहुल कस्वां, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने शिरकत की ओर नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के शिलापट्ट में भाजपा की ओर से पूर्व मंत्री, विधानसभा की प्रत्याशी रही भाजपा नेता के नाम अंकित नहीं थे। बल्कि कांग्रेस के सांसद और विधायक के नाम शिलापट्ट पर अंकित थे। जिसके बाद यह शिलापट्ट राजनीतिक गलियारो में मुद्दा बन गया और अब संस्था के प्रधानाचार्य को नोटिस दिया गया है। हालांकि शिलापट्ट को मुद्दा नहीं बनाया गया है और कार्यक्रम की शिक्षा विभाग से परमिशन नहीं होने को बहाना बनाकर नोटिस दिया गया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पुनिया की ओर से संस्था प्रधान को दिए गए नोटिस में बताया गया है कि डायमंड ब्लॉक के उद्घाटन की परमिशन क्यों नहीं ली गई, इसका कारण स्पष्ट किया जाए। यह बात अलग है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। लेकिन अब संस्था प्रधान के शिलापट्ट पर अंकित नाम को मुद्दा बनाकर शिलापट्ट को बदलवाने का प्रयास करने की राजनीति शुरू हो गई है। जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। बता दें कि एक दिन पहले ही शिलापट्ट में कांग्रेस विधायक का नाम नहीं होने की बात को लेकर काफी बवाल हो गया था।

# राजलदेसर में अवैध कॉलोनियों का खेल : सरकारी आदेश बेअसर

### भू-माफियाओं पर मेहरबान सिस्टम!

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** प्रदेश सरकार जहां अवैध कॉलोनियों पर सख्ती के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं राजलदेसर कस्बे में हालात इसके ठीक उलट नजर आ रहे हैं। यहां भू-माफिया बेखौफ होकर कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों का जाल बिछा रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि सरकारी आदेश कागजों तक सीमित रह गए हैं। कस्बे के आसपास की कृषि भूमि पर बिना किसी वैध कन्वर्जन और नगरपालिका की अनुमति के सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। भूखंड काटकर खुलेआम बिक्री की जा रही है, लेकिन न तो टाउनशिप पॉलिसी का पालन हो रहा है और न ही पार्क, सड़क व अन्य जन सुविधाओं के लिए नियमानुसार जगह छोड़ी जा रही है।

**इकरारनामों पर बिक रहे प्लॉट, राजस्व को चपतः**

सूत्रों के अनुसार भू-माफिया रजिस्ट्री के बजाय मात्र स्टाम्प पेपर पर इकरारनामे बनाकर भूखंड बेच रहे हैं। इससे सरकार को मिलने वाले रूपांतरण शुल्क व अन्य राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। आम लोगों को सस्ते प्लॉट का लालच देकर भविष्य में मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने की आशंका बढ़ती जा रही है।



### मिलीभगत के आरोप, कार्रवाई नदारदः

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे खेल में कुछ सफेदपोशों का संरक्षण प्राप्त है। नगरपालिका और तहसील प्रशासन की नाक के नीचे अवैध निर्माण कार्य लगातार जारी हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होना मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### भविष्य पर मंडरा रहा खतराः

जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में राजलदेसर अव्यवस्थित और मूलभूत सुविधाओं से जूझता कस्बा बन जाएगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कॉलोनियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर भू-माफियाओं के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि कस्बे का सुनियोजित विकास सुनिश्चित हो सके।

# विभिन्न मांगों को लेकर रेसला ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) की ओर से शिक्षा विभाग की ओर से शिविरा पंचांग में ग्रीष्मकालीन व प्रधानाचार्य अवकाश में कटौती करने के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। इसको लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षक संघ रेसला की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अमित सहारण ने बताया कि शिक्षकों में अवकाश कटौती को लेकर गहरी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिक्षक संगठनों के साथ हुई वार्ता में शिविरा पंचांग में अवकाशों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब यह स्पष्ट रूप से वादाखिलाफी है। उन्होंने बताया कि नवीन सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ करने, नामांकन वृद्धि व अन्य राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में शिक्षकों ने पूर्ण समर्पण के साथ योगदान दिया। इसके बावजूद अवकाशों में कटौती का निर्णय पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है।



इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा में तुरंत प्रभाव से नवीन स्टाफिंग पैर्टन लागू करने तथा नवक्रमोन्नत विद्यालयों में आवश्यक पदों का सृजन करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि यदि सरकार ने सकारात्मक समाधान नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के शिक्षक सड़कों पर उतरेंगे। इस दौरान विरोध-प्रदर्शन करने वालों में जिला सभाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आरिफ खान, मनोज गोठवाल, रमेश बेनीवाल, दुष्यन्त सिंह राठौड़, रवि कांत बेनीवाल, तेजपाल सिंह, श्रवण गुर्जर, चिमनाराम शर्मा, सुभाष, वसीम खान, औंकार मल सहारण, शिवराम, राजेंद्र सूंडा, राकेश सहित बड़ी संख्या में रेसला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# त्वरित कार्रवाई पर थानाधिकारी का अभिनंदन

***रतनगढ़(निस)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायत पर प्रसंज्ञान लेते हुए आरोपी को राउंडअप किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए शुक्रवार को सीआई गौरव खिड़िया का अभिनंदन किया। मामले के अनुसार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शिकायत दर्ज करवाते हुए सीआई खिड़िया को ज्ञापन सौंपा कि गांव दीपसर निवासी संदीप की ओर से सोशल मीडिया पर लाइव आकर आरएलपी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया है, जिससे कार्यकर्ताओं की भावना आहत हुई है। थानाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में आरोपी को राउंडअप कर थाना लाया गया। जिसके बाद शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए पुलिस प्रशासन के पक्ष में नारे लगाए तथा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गजानन सिहाग के नेतृत्व में सीआई खिड़िया का सम्मान किया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन, जाबिर खान, मुकेश सहारण, रामचंद्र बांगड़वा, किशन सोनी, मनोज जाट, रणजीत, नेमीचंद जाट, संतोष कुमार, कैलाश पड़गड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर फूटा गुस्सा

### 5 दिन में सुधार नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स




**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान सभा व भीम आर्मी के नेतृत्व में लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भांभू व भीम आर्मी सेना अध्यक्ष श्रवण कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में लंबे समय से चिकित्सकों की कमी बनी हुई है, वहीं प्रशासनिक शिथिलता के चलते मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना की दवाइयां भी पिछले करीब पखवाड़े से उपलब्ध नहीं हैं। इससे कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की करीब डेढ़ लाख आबादी को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। प्रदर्शन के दौरान भांभू ने मौके से ही सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। इस पर डॉ. शर्मा ने जल्द व्यवस्थाओं में सुधार का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 5 दिनों में हालात नहीं सुधरे तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# प्रधानाचार्य की मनमानी से 10 साल का बालक पढ़ाई से वंचित, मां ने कलेक्टर से लगाई गुहार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एक ओर केंद्र और राज्य सरकारें 'हर बच्चे को शिक्षा' के लक्ष्य को लेकर योजनाएं चला रही हैं, वहीं दूसरी ओर चूरू जिले के धीरवास बड़ा गांव स्थित भरत पब्लिक स्कूल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां स्कूल के प्रधानाचार्य की मनमानी के चलते 10 वर्षीय बालक रितिक की पढ़ाई पर ब्रेक लग गया है। जानकारी के अनुसार, बालक रितिक ने इसी स्कूल से कक्षा 4 उत्तीर्ण की है और उसकी कोई फीस भी बकाया नहीं है। बावजूद इसके, स्कूल प्रशासन उसे अन्यत्र प्रवेश के लिए आवश्यक ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) देने से इनकार कर रहा है। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने शर्त रख दी कि गांव का सरपंच और 10 लोग लिखित में देंगे, तभी टीसी जारी की जाएगी। इस संबंध में रितिक की मां कमलेश देवी ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।



कमलेश ने बताया कि उसका पति महावीर उसके साथ मारपीट करता है, जिसके चलते वह अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ पीहर, जोड़ी पट्टा सात्यूं में रह रही है। उसने पति के खिलाफ मामला भी दर्ज करवा रखा है। कमलेश का कहना है कि वह अपने बेटे का दाखिला अपने पीहर के स्कूल में कक्षा 5 में करवाना चाहती है, लेकिन टीसी नहीं मिलने के कारण रितिक का प्रवेश नहीं हो पा रहा और उसकी पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो गई है। मामले ने शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर सरकारें शिक्षा को बढ़ावा देने का दावा कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर एक प्रधानाचार्य की हठधर्मिता से एक बच्चे का भविष्य अधर में लटक गया है। कमलेश ने कलेक्टर से मांग की है कि बच्चे के हित को देखते हुए जल्द से जल्द टीसी दिलवाई जाए, ताकि उसकी पढ़ाई दोबारा शुरू हो सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और बालक को कब न्याय मिल पाता है।

## यंग्स क्लब का निःशुल्क पेयजल सेवा प्रकल्प शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सेवा प्रकल्पों की श्रृंखला में गर्मी के मौसम में नगर के विभिन्न स्थलों पर कैंपर्स के माध्यम से संचालित निःशुल्क पेयजल सेवा प्रकल्प का शुभारम्भ शुक्रवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सरोज कुमार छाबड़ा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जल सेवा सर्वश्रेष्ठ सेवा है, जो कि राहगीरों के लिए सार्थक साबित होगी। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से नगर के तीन विशिष्ट स्थलों यंग्स क्लब के सामने कमलेश भरत डुंगरवाल (बेंगलुरू) के सौजन्य, जनाना अस्पताल के पास एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स, सेठिया परिवार दिल्ली के सौजन्य व डी सी एम रोड दिखनादा बाजार पर हरकचंद सरावगी की स्मृति में जल सेवा प्रकल्प शुरू हुआ है। इस अवसर पर राजेन्द्र गीड़िया, कौशल्या गुलेरिया, जयकुमार स्नेहप्रभा मिश्रा, शांतिलाल सेठी, पवन चितलांगिया, राजकुमार क्याल, संदीप लाटा, मूलचंद तिवाड़ी, क्लब प्रतिनिधि दानमल शर्मा, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, प्रतीक, अंकित चोटिया आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रामदेव ढाका स्मृति प्रन्यास की ओर से शुक्रवार को सुजानगढ़ के लायन्स चेरिटेबल ब्लड सेंटर में चूरू के पूर्व जिला प्रमुख रहे दिवंगत रामदेव ढाका की स्मृति में उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय जाट महासभा, राजस्थान और बाल भारती इंटरनल स्कूल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक लगभग पचास लोगों ने रक्तदान किया। शिविर संयोजक डॉ.घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में दिवंगत ढाका की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रन्यास के अध्यक्ष विद्याधर पारीक ने आयोजकीय पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। शिविर का शुभारंभ सहकारी प्रबंध संस्थान जयपुर के निदेशक डॉ. किशोर कुमार, डॉ. सत्यनारायण बजाज, आईएमए सुजला के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण जांगिड़, राष्ट्रीय जाट महासभा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक और बाल भारती इंटरनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के निदेशक नोपाराम मंडा रहे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सरोज कुमार छाबड़ा ने की।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

e-mail: sephedchuru@gmail.com
secircle.chu.phed @rajasthan.gov.in

S.NO/PHED/NIB/2026-27/ 69-84 Dated 13/4/2026

**E-NOTICE INVITING BID 01-05/2026-27**

Bids for 05 nos. works of total Rs. 28.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 22.04.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https:// sppp.rajasthan.gov.in of the state and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN PHE2627GSOB00273
UBN PHE2627GSOB00274
UBN PHE2627GSOB00275
UBN PHE2627GSOB00277
UBN PHE2627GSOB00278

DIPR/C/6997/2026

**Superintending Engineer,**
**PHED, Circle Churu.**

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT MOTHOOKA P.S. PATAN (SIKAR)**

S.No. 21 DATE : 17-04-26

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 17-04-2026, 09:30 AM to 24-04-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 500000/-

UBN No. PKP2627WSOB00025

**PRASHASHAK**
**GP MOTHOOKA**

**VDO**
**GP MOTHOOKA**

**Office Gram Panchayat Chala, Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)**

File No: 48 Date: 16/4/28

**Notice Inviting Bid**

Bid for VB GRAMG (MGNAREGA) and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for FY 2026-27 Gram Panchayat Chala, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 17.04.2026, 09:00 AM to 27.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http:// sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 40,00,000/-

UBN No.- PIQ2627GLRC00028.

**Village Development Officer**
**Gram Panchayat Chala**

## विभिन्न मांगों को लेकर ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नेशनल ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा चूरू की ओर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और भागीदारी को लेकर 7 सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा। संसद और विधानसभा में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को अलग से कोटा दिया जाए। परिसीमन 2026 में ओबीसी के लिए जनसंख्या अनुपात में सीट आरक्षित हो। आरक्षण पर लागू 50 प्रतिशत की सीमा हटाई जाए। जनगणना 2027 में ओबीसी जाति जनगणना शामिल की जाए। यूजीसी गाइडलाइन 2026 के प्रावधान लागू किए जाए। मंडल आयोग की बची सिफारिशें लागू की जाए। क्रीमी लेयर की समीक्षा की जाए आदि प्रमुख मांगों का उल्लेख किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ओबीसी वर्ग आज भी शिक्षा, रोजगार और राजनीति में अपेक्षित भागीदारी से वंचित है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में चन्द्रमोहन सैनी, गिरधारी लाल तंवर, डॉ. अशोक जांगिड़, रामेश्वर प्रजापति, हरिसिंह राठौड़, चानणमल सैनी, मगन सैनी, मदनलाल, भंवरसिंह, महावीर स्वामी सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मण्डावा शहर में आज 3 घण्टे बिजली बंद रहेगी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे में शनिवार को सुबह 6 से 9 बजे तक सिटी 1 का शटडाउन मेंटेनेंस कार्य हेतु रहेगा। यह जानकारी विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियन्ता अजय जांगिड़ ने दी।

## बड़े भूखण्डों का होगा बेहतर उपयोग, निवेशकों को मिलेंगे उद्योग लगाने के अधिक अवसर

जयपुर टाइम्स

जयपुर (निसं)राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रीको ने बड़े औद्योगिक भूखण्डों के उप-विभाजन को सशर्त मंजूरी प्रदान कर दी है। इस निर्णय के तहत अब रीको के आवंटी अपने बड़े भूखण्ड छोटे हिस्सों में विभाजित कर विक्रय कर सकेंगे। रीको द्वारा डिस्पोजल ऑफ लैंड रूल्स, 1979 के नियम 17 (ई) को पुनः लागू करते हुए यह व्यवस्था की गई है कि 20,000 वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भूखण्डों का उप-विभाजन किया जा सकेगा। उप-विभाजन के बाद प्रत्येक उप-विभाजित भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर रहेगा। निर्धारित शर्तों के अनुसार, भूखण्ड का उप-विभाजन भूमि आवंटन के 7 वर्ष बाद ही किया जा सकेगा और संबंधित भूखण्ड विवाद रहित होना चाहिए। उप-विभाजन की प्रक्रिया के तहत आवेदक को प्रस्तावित लेआउट प्लान रीको में जमा कराना होगा, जिसे लैंड प्लान कमेटी से अनुमोदित कराया जाएगा। यदि भूखण्ड पर किसी बैंक या वित्तीय संस्थान का ऋण है, तो उसकी एनओसी भी आवश्यक होगी। रीको ने स्पष्ट किया है कि उप-विभाजन के बाद विकसित होने वाले क्षेत्र में सड़क, ड्रेनेज, बिजली, स्ट्रीट लाइट, वर्षा जल संचयन और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाएं मूल आवंटी को अपने खर्च पर उपलब्ध करानी होंगी। इन सुविधाओं को तीन वर्षों के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य होगा। नियमों के अनुसार, 1500 वर्गमीटर तक के भूखण्ड के लिए न्यूनतम 18 मीटर तथा इससे बड़े भूखण्ड के लिए 24 मीटर चौड़ी आंतरिक सड़क का प्रावधान रखा गया है। वित्तीय प्रावधानों के तहत उप-विभाजन शुल्क संबंधित औद्योगिक क्षेत्र की प्रचलित दर का 2 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। इसके अलावा ट्रांसफर चार्ज एवं एक स्वीकृत गतिविधि से अन्य स्वीकृत गतिविधि के परिवर्तन हेतु स्वीकृति शुल्क भी नियमानुसार देय होंगे। उप-विभाजित भूखण्ड की लीज अवधि मूल लीज अवधि से अधिक नहीं होगी और नए खरीदार को पंजीकृत दस्तावेज की तिथि से दो वर्षों के भीतर भूखण्ड का उपयोग करना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि उद्यमियों द्वारा लंबे समय से बड़े भूखण्डों के उप-विभाजन की मांग की जा रही थी। ऐसे में यह निर्णय न केवल भूमि के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देगा तथा नए निवेश एवं रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा।

## एटीएस राजस्थान और भादरा पुलिस का संयुक्त ऑपरेशनः फर्जी बायोमेट्रिक्स से आधार बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जयपुर टाइम्स

जयपुर (निसं)राजस्थान में आंतरिक सुरक्षा और साइबर अपराधों के विरुद्ध अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एजीटीएफ दिनेश एम.एन. के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। एटीएस राजस्थान की जयपुर यूनिट को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस और भादरा पुलिस ने एक संयुक्त टीम बनाकर नगरपालिका के समीप स्थित एक अवैध आधार सेंटर पर छापेमारी कर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एडीजी एम एन ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई एटीएस के आईजी राजेश सिंह, डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन और एसपी ज्ञानचंद यादव के नेतृत्व में एटीएस टीम की सक्रियता से सफल हो पाई। एटीएस जयपुर के सहायक उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह और हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार को इनपुट मिला था कि भादरा में आर्य समाज धर्मशाला के पास एक सेंटर पर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिसका उपयोग साइबर क्राइम एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में किया जा रहा है। पुष्टि के बाद एटीएस की इस सूचना पर हनुमानगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के निर्देशन और पुलिस उप अधीक्षक एससी/एसटी सैल और प्रभारी एजीटीएफ करण सिंह के सक्रिय सहयोग से एटीएस की टीम ने स्थानीय भादरा पुलिस की टीम को साथ लेकर सेंटर पर दबिश दी, तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। आरोपी कुलदीप शर्मा अन्य व्यक्तियों जसवंत और आमिर खां की ऑपरेटर आईडी का अवैध उपयोग कर रहा था। पुलिस को मौके से लाल और सफेद रंग के रबर पर बने 'डमी फिंगरप्रिंट' मिले, जिनका उपयोग लॉगिन के लिए किया जाता था। आरोपी ने कागज पर आंखों की रेटिना की फोटो प्रतियां रखी हुई थीं, जिन्हें आईरिस डिवाइस के सामने रखकर बायोमेट्रिक सिस्टम को चकमा दिया जाता था।

# काटली नदी के जल स्रोतों की रक्षा व सीमांकन की माँग

जयपुर टाइम्स



**उदयपुरवाटी(निस)।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की ओर से 7 अप्रैल को पारित आदेश की पालना व किर्यान्वयन के लिए उदयपुरवाटी उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार उदयपुरवाटी को मांगपत्र दिया गया। सरस्वती रूरल एन्ड अरबन डवलपमेंट सोसायटी की ओर से संचालित काटली नदी बचाओ जन अभियान की ओर से प्रस्तुत ज्ञापन में काटली नदी व इसकी सहायक नदी नालों व जल स्रोतों की रक्षा व सीमांकन की मांग की गई। अभियान के उदयपुरवाटी संयोजक दीपक मीणा बाघोली के अनुसार काटली नदी के सहायक जल स्रोतों, नदी व नाला आदि को सीमांकित कर अतिक्रमण मुक्त करवाने व इनमें जल निकासी मार्ग को ठीक करवाने हेतु अभियान सयोंजक सुभाष कश्यप के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया है। उदयपुरवाटी खण्ड में सुकली नदी जहाज मावता, मोजिडा नाला, सांका वाला नाला, जोधपुरा नाला, सोकली नदी सराय, सटिण्डा नाला इत्यादि सहित सभी जल स्रोतों की रक्षा की मांग करते हुए एनजीटी के आदेश की पालना करने का आग्रह किया । सतीश मिश्रा छापोली, धर्मवीर यादव मंडावरा, दीपक मीणा बाघोली,करण तेतरवाल पापड़ा, धन सिंह कश्यप कीरपुरा, मोहर सिंह ककराना, वकील हरलाल सैनी, एडवोकेट रविन्द्र सिंह, एडवोकेट आंनद सिंह, एडवोकेट मेघराज सैनी एडवोकेट प्रवीण सैनी, एडवोकेट श्रवण कुमार, एडवोकेट रणवीर सिंह, एडवोकेट विकास भाकर, एडवोकेट रामनिवास, एडवोकेट रामजीवन गुप्ता, बनवारी कुमावत धोलाखेड़ा, एडवोकेट रामनिवास, एडवोकेट श्रवण सैनी, मदन खैरवा धोलाखेड़ा, एडवोकेट प्रभुदयाल,एडवोकेट बृज मोहन सैनी सहित बड़ी संख्या में काटली समर्थक व बुद्धिजीवियों ने हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री के नाम से उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार उदयपुरवाटी को मांग पत्र प्रस्तुत किया इसके साथ साथ दोनों अधिकारियों को उनके नाम से दिए गए ज्ञापन में उदयपुरवाटी खण्ड में काटली नदी के सभी सहायक जल स्रोतों की रक्षा करने हेतु क्षेत्र के सभी पटवारियों को निर्देशित कर इनकी वर्तमान स्थिति व कब्जों की रिपोर्ट मंगवा कर कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में सिंधु जल को काटली नदी में लाने व काटली के समग्र विकास, पुनर्जीवन, संरक्षण व प्रभावित व्यक्तियों के लिए पुनर्वास की माँग की गई। काटली नदी बचाओ अभियान सयोंजक सुभाष कश्यप ने बताया कि सिंधु जल को काटली में लाने के लिए शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेंद्र से भेंट कर काटली को पुनर्जीवित करने की मांग की जाएगी।

## टोंक छिलरी प्रिंसिपल संजू नेहरा का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिले के टोंक छिलरी गांव स्थित स्कूल की प्रिंसिपल और पीईईओ संजू नेहरा का ग्राम पंचायत में सम्मान किया गया। दरअसल पंचायत क्षेत्र के उन अधिकारियों और कार्मिकों का सम्मान ग्राम पंचायत भवन में किया गया। जिन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से और पूरी मेहनत के साथ निर्वहन किया है। इसी क्रम में प्रिंसिपल संजू नेहरा का सम्मान किया गया। उप सरपंच किशनलाल गुर्जर ने बताया कि संजू नेहरा का यह सम्मान उनके और उनके स्टाफ की ओर से गत सत्र में विद्यालय में किए गए शैक्षिक-सहशैक्षिक नवाचारों व उपलब्धियों को लेकर किया गया। इस मौके पर संजू नेहरा को साफा पहनाया गया और मुंह मीठा करवाते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी पूर्ण सिंह शेखावत ने इस अवसर पर कहा कि संजू नेहरा के नेतृत्व में पूरे स्टाफ ने स्कूल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ना केवल परीक्षा परिणाम, बल्कि विभिन्न सह शैक्षणिक गतिविधियों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि संजू नेहरा के स्कूल में कार्यभार संभालने के बाद स्कूल के विकास में भामाशाहों को भी प्रोत्साहित कर सहयोग लिया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य भागीरथसिंह गुर्जर, व्याख्याता मुकेश कुमार शर्मा, प्रहलाद सिंह डूडी, बाबूलाल सैनी, वर्षा कुमारी व ग्राम विकास अधिकारी रिछपाल पूनियां का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि वार्ड पंच रक्षपाल सिंह शेखावत, रामकुमार नेचू, टीकमसिंह, ताराचंद मूंड, मंजूदेवी, रामलाल सैनी, महेंद्र मूंड आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर जागरूकता रैली




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान की जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नर्सिंग स्टूडेंट्स की ओर से निकाली गई रैली को शहीद पार्क से स्थानीय विधायक राजेंद्र भांभू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग, जिला प्रमुख हर्षिणी कुलहरी, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, आरसीएचओ डॉ दयानंद सिंह, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू,एएनएमटीसी प्राचार्य सुरेन्द्र डिग्रवाल मौजूद रहे। विधायक राजेंद्र भांभू ने एचपीवी वैक्सीन को महिलाओं के दृष्टि से बहुत महत्वाकांक्षी और उपयोगी बताया। जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग बताया कि 24 अप्रैल से सात दिवसीय विशेष HPV वैक्सीन कैंपेन चलाकर जिले के 177 संस्थानों पर टीके लगाए जाएंगे हमरा यह प्रयास है कि जिले की सभी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की यह वैक्सीन लगाई जाए। इस सिंगल डोज से उसे पूरे जीवन भर सर्वाइकल से सुरक्षा मिलेगी। जिला प्रमुख हर्षिणी कुलहरी ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन सभी निर्धारित आयु वर्ग की बेटियों को लगाई जाए। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि 24 अप्रैल से शुरू होने वाले कैंपेन की तैयारियां पूरी कर ली गई है पूरे जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पीएचसी तक वैक्सीन उपलब्ध रहेगी शिक्षा विभाग को दिए प्लान के अनुसार शिक्षा विभाग टीकाकरण के लिए बेटियों को इन सेंटर्स तक लेकर आए और टीका लगाए। बाजार में यह वैक्सीन करीब 5 हजार रुपए की आती हैं जो सरकार निःशुल्क उपलब्ध करवा रही है। सिंगल डोज में पूरी सुरक्षा मिलेगी। इस अवसर पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव की जानकारी HPV वैक्सीन अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया।

## जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों को बताया स्वच्छता का महत्व

जयपुर टाइम्स





**रतनगढ़(निस)।** आरयूआइडीपी के तहत चल रही परियोजना ड्रेनेज व सीवरेज के लिए जागरुकता कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में आज वार्ड नं. 42 के मदरसा अशरफिया गरीब नवाज उच्च प्राथमिक विद्यालय में पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम इन्दोरिया की अध्यक्षता में स्कूल जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने सीवरेज व ड्रेनज परियोजना का प्रकाश डालते हुए बताया कि इस परियोजना के पुर्ण होने के बाद स्वच्छता में बहेतर बदलाव आएगा। आज बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए हाथ धोने के तरीके व स्नान करना नाखून काटने के बारे में बताया गया साथ में घरेलू स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी प्रकार का कचरा सड़क पर न फैलाएं। रसोई में दो प्रकार के कचरे पात्र होने चाहिए जिसमें एक में गिला कचरा डाले और दूसरे में सूखा कचरा डाले ओर कचरा पात्र को ढक्कन लगाकर रखना चाहिए व कचरा कचरे वाली गाड़ी में डाले व प्रयोग की हुइ प्लास्टिक की थैली नालियों में न डाले। विधालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इश्पाक ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया है। स्वच्छ व साफ शरीर में स्वस्थ दिमाग़ निवास करता है। जिससे पढाई - लिखाई में मन लगा रहता है। प्रधानाध्यापक ने सन्तुलित अहार के बारे में प्रकाश डालते हुए भोजन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पूर्व पार्षद पुरूषोत्तम इन्दोरिया ने बच्चों को बताया की आज जो भी बातें बताई गई। इन बातों को जिवन मे उतारे व रसोई व स्नानघर में जाली लगाकर रखे जाली नहीं लगाने से सीवरेज पाईप लाइन सेम्पू के पाउच व अन्य वस्तु से पाईप लाइन अवरुद्ध हो सकती है। आज के कार्यक्रम के लिए पुरुषोत्तम ने सभी का आभार प्रकट किया। आज इस स्कूल जागरुकता कार्यक्रम में शिक्षक अजरुदिन ने भी अपने विचार प्रकट किए आशा है दी गई जानकारी का स्कूल के छात्र-छात्राएं लाभ उठाएंगे।

## स्कूल टॉपर्स का किया सम्मान, शहर में विजय रैली निकाली



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बाल भारती विद्या निकेतन सैकंडरी स्कूल में शुक्रवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल निदेशक राजेन्द्र सनोदिया व विद्यालय समिति सदस्यों ने टॉपर्स विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का तिलकर लगाकर, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इसके बाद डीजे के साथ विजय रैली निकाली गई। विभिन्न स्थानों पर शहरवासियों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि रौनक मौर्य पुत्र रमेशचन्द्र मौर्य निवासी वार्ड न0 18 मण्डावा,कक्षा 10 स्कूल टापर्स 93 फीसदी अंक प्राप्त किए है। सुशील मृदुभाषी, अनुशासित एवं नियमित स्कूल आने वाला छात्र है । इस अवसर पर स्कूल प्रबधंक निलेश सनोदिया, पल्लवी मिश्रा, उमा पाराशर, नेहा सनोदिया, उषा सैनी, जमुना देवी प्रजापत, कमलेश मारवाल, रामकुमार चावला, पवन कुमार घासोलिया, राकेश मीणा, अशोक साल्वी, पायल छापोला, महेंद्र कुमावत, निशा सैनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में अध्यापक प्रमोद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जयपुर में 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026' का आगाज

### 150 स्टॉल्स पर देशभर के शुद्ध मसाले, 26 अप्रैल तक रहेगा आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** सहकारिता विभाग एवं कॉनफेड की ओर से आयोजित 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026' का शुक्रवार को भव्य शुभारम्भ हुआ। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने जवाहर कला केन्द्र के दक्षिण परिसर में दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा भी मौजूद रहे। मंत्री दक ने कहा कि यह मेला सहकारी संस्थाओं के उत्पादों को मजबूत मंच प्रदान करता है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सहकारिता के मूल मंत्र 'एक सबके लिए, सब एक के लिए' को साकार करते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन में सहकारी आंदोलन की अहम भूमिका है। अब जिला स्तर तक होंगे सहकार मेले मंत्री दक ने बताया कि इस मेले की सफलता को देखते हुए अब संभाग स्तर के बाद जिला स्तर पर भी सहकार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक किसानों और सहकारी संस्थाओं को लाभ मिल सके। 150 स्टॉल्स पर देशभर के मसाले व उत्पाद 17 से 26 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में इस बार करीब 150 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इनमें राजस्थान सहित केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कश्मीर, पंजाब और मध्य प्रदेश की सहकारी संस्थाएं भाग ले रही हैं। यहां उपभोक्ताओं को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण मसाले उचित दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मेले में केरल की काली मिर्च और लौंग, तमिलनाडु की हल्दी-दालचीनी, कश्मीर की केसर व ड्राई फ्रूट्स, पंजाब के चावल, मध्य प्रदेश का सिहोरी गेहूं, मथानिया की लाल मिर्च, रामगंजमंडी व बारां का धनिया, नागौर का जीरा, जालोर की ईसबगोल, सिरोही की सौंफ, प्रतापगढ़ की हींग, चित्तौड़गढ़ की अजवाइन, पुष्कर का गुलकंद, नाथद्वारा की ठंडाई, भुसावर का अचार, राजसमंद का शर्बत, सोजत की मेहंदी, डूंगरपुर का आम पापड़, झाड़ोल की अरहर दाल और बीकानेर के पापड़ प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं। लकी ड्रॉ और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण मेले में प्रतिदिन लकी ड्रॉ और समापन अवसर पर मेगा बम्पर ड्रॉ का आयोजन होगा। साथ ही हर दिन अलग-अलग संभागों के लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे आगंतुकों को खरीदारी के साथ मनोरंजन का भी अवसर मिलेगा। उद्घाटन समारोह में राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में सहकारजन उपस्थित रहे।